हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 19 फरवरी 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 34.6 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

नवनिर्वाचित गांव सरकार, जनपद व जिला पंचायत सदस्य लोगों से ले रहे आशीर्वाद 13


बोरिया मार्केट शिव मंदिर के समीप शौचालय निर्माण, व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन 13


## दो सीट पर बीजेपी का कब्जा और एक बागी जीती, एक सीट पर कांग्रेस

# जिपं की पूर्व अध्यक्ष सहित कांग्रेस के दो पूर्व सदस्य हारे, भाजपा बागी जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत के चार सीट में दो सीट पर बीजेपी समर्थित प्रत्याशियों ने कब्जा कर लिया है। वही भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ी एक महिला प्रत्याशी कुमारी प्रिया साहू ने दूसरी बार चुनाव लड़कर कामयाबी हासिल की और भाजपा के प्रत्याशी को दूसरे पायदान पर छोड़ दिया। एक सीट पर कांग्रेस के आशा विक्का मिश्रा ने जीत हासिल कर ली है। वही भाजपा समर्थित पूर्व जिलाध्यक्ष माया बेलचंदन हार गई हैं, वही कांग्रेस के पूर्व सदस्य और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के करीबी रहे दो नेत्रियों को भी हार का सामना करना पडा हैं। इस तरह पहले चरण के लिए जिला पंचायत के चार सीटो में दो भाजपा के कब्जा में चला गया और एक कांग्रेस के प्रत्याशी ने जीत हासिल की हैं। जबकि एक सीट पर भाजपा के बागी प्रत्याशी ने परचम लहराया हैं। जानकारी अनुसार क्षेत्र क्रमांक पांच से बीजेपी समर्थित जितेन्द्र यादव ने जीत हासिल की है। इसी तरह क्षेत्र क्रमांक छः से बीजेपी से बागी होकर चुनाव लड़ी प्रिया साहु ने 1003 वोट हासिल किया। उन्होने बीजेपी के प्रत्याशी बीना देशमुख को हराया है। वे पिछले चुनाव में भी निर्दलीय लड़ चुकी थी। यहां कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, यशवंत साहू पीछे रहे। क्षेत्र क्रमांक सात से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी आशा विक्की मिश्रा को 16712 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदि बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और दो बार जिला पंचायत सदस्य रहे माया बेलचंदन को सिर्फ 9157 वोट ही मिले। तीसरे नंबर पर यहां आशा साहू रही। उनके पति विक्की मिश्रा पूर्व जनपद सदस्य रहे हैं। इसी तरह क्षेत्र क्रमांक आठ में कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियो में सीधे लड़ाई थी। यहां बीजेपी समर्थित श्रध्दा साहु ने कांग्रेस के पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर को मात दी हैं।






जिपं में ये जीते

### खुद प्रचार में उतरे पूर्व गृहमंत्री

कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों के लिए खुद प्रचार में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू प्रचार में उतरे थे। उन्होंने प्रत्याशियों के लिए वोट मांगने अपनी उपस्थित विभिन्न कार्यक्रमों में देकर वोट की अपील भी की थी। लेकिन पहले चरण में कांग्रेस का कोई खास प्रदर्शन नहीं दिखा। पहले चरण के चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ एक ही सीट मिले। जबकि बीजेपी को दो और एक बीजेपी के बागी के खाते में चला गया।जानकारी अनुसार पहले चरण के लिए 257 बूथ बनाए गए थे। सोमवार को मतदान के बाद साढ़े नौ बजे तक वोटिंग चल रही। वहीं देर रात मतगणना शुरू की गई। मतगणना का कार्य दूसरे दिन यानि मंगलवार को सुबह चार बजे समाप्त हुई। जिसके बाद मतदान दल मुख्यालय पालिटेक्निक कालेज पहुंचे। यहां भी मतदान दलों को काफी मशक्कत करना पड़ा। यहां से उन्हें दस से बारह बजे तक छोड़ा गया। बहरहाल जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतलेखा की संकलित रिपोर्ट जारी नहीं की गई हैं।

### बीजेपी समर्थित 11 व कांग्रेस के आठ जनपद सदस्य

जानकारी अनुसार दुर्ग जनपद के चौबीस सीट में बीजेपी समर्थित 11 प्रत्याशी जीतकर आए है, वहीं कांग्रेस के आठ और पांच प्रत्याशी स्वतंत्र लड़ाई से जीतकर आए हैं। जिसमें जनपद क्षेत्र क्रमांक 1 कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन-भाजपा, 2-मिलवानतीन रेवाराम ठाकुर-कांग्रेस, -नंद कुमार साहू-स्वतंत्र, 4-राजेश ठाकुर-कांग्रेस 5- संतोषी कृष्ण देशमुख-भाजपा 6- संतोष निषाद-स्वतंत्र 7- रजनी कुमारी साहू-भाजपा 8 पूर्णिमा वर्मा-भाजपा 9- प्रतिभा देवांगन भाजपा 10-गोकुल वर्मा-भाजपा 11-गोपाल कुमार यादव-स्वतंत्र 12-प्यारी बाई निषाद-कांग्रेस 13- बेला बाई यादव-भाजपा 14 संगीता माखन साहू-भाजपा 15-किशोरी लाल देशमुख-कांग्रेस 16 दामिनी साह-कांग्रेस 17- लीलावती रूपेश देशमुख-कांग्रेस 18-अजीत कुमार चंद्राकर-भाजपा 19 लोमश चंद्राकर (रिंकू)-स्वतंत्र 20-जितेंद्र टंडन-भाजपा 21-राकेश कुमार हिरवानी-कांग्रेस 22 झमित गायकवाड़-कांग्रेस 23-बिंदु दिनेश देश लहरा-भाजपा 24 ढालेश साहू (राजू)-स्वतंत्र प्रत्याशी जीतकर आए हैं। **ग्राम पंचायतों की स्थिति:** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत में सरपंचों की जीत की रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत अंडा दिग्विजय सिन्हा 314 वोट से जीत, ग्राम पंचायत चिंगरी पुष्पा वाघमारे 113 वोट से जीत, विनायकपुर योगेन्द्र दिल्लीवार 298 वोट से जीत, आमटी, मासाभाट दुर्गा चौधरी 200 वोट से जीत, आलबरस सैनिक भूवन लाल देशमुख 283 वोट से जीत, निकुम भागवत पटेल 24 वोट से जीत, तिरंगा 30 वोट से जीत, थनौद मेनका दिनेश देशमुख 470 वोट से जीत, खपरी सिलोदा अनसुईया नारायण साहू 51 वोट से जीत, कोलिहापुरी ईश्वर साहू 200 वोट से जीत, पिसेंगांव द्रौपती देशमुख 60 वोट से जीत, चंदखुरी कविता ठाकुर, कोनारी गुजेश्वरी साहू 112 वोट से जीत, कोटनी रामसिंह निषाद 125 वोट से जीत, मोहलाई डां नरेन्द्र निषाद 520 वोट से जीत, रसमड़ा बालकिशन निषाद 300 वोट से जीत, कुथरेल गीता गजपाल 120 से वोट से जीत, भरदा सुनीता जयप्रकाश भारदीय 203 वोट से जीत, कोड़ियां खुमान निषाद 01 वोट से जीत, जंजगिरी गीता ठाकुर 181 वोट से जीत, भानपुरी उमेंदी ठाकुर 330 वोट से जीत, अछोटी झरना दिल्लीवार 45 वोट से जीत, रिसामा रोशन लाल साहू 23 वोट से जीत दर्ज की हैं।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
सिक्योरिटी सुपरवाइजर (10 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष : 50 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
होम केयरटेकर (महिला : 20 पद) उम्र-20 से 35 वर्ष,
फायरमैन कद-5'.6", उम्र-20 से 35
अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस कद-5'.6", उम्र-20 से 35
भर्ती दिनांक :- 21 व 22 फरवरी 2025
(कार्यस्थल:-सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में निजी कारखाना एवं अस्पताल)
पता:-फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल. सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मो.: 7697212782, 6263775269

## खबर संक्षेप

### निगम क्षेत्र में आज से दो दिन नहीं खुलेंगे नल

**भिलाई।** एसएफ बटालियन के ठीक सामने स्थित 66 एमएलडी का फिल्टर प्लांट में 19 और 20 फरवरी को शटडाउन लिया गया है। इस वजह से आधे भिलाई शहर की पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। निगम अधिकारियों ने बताया कि नेहरूनगर चौक स्थित यातायात पुलिस कार्यालय के पास मुख्य राइजिंग पाइप में लीकेज सामने आया है। इस लीकेज का मेंटेनेंस किया जाना आवश्यक है। इसलिए फिल्टर प्लांट में शटडाउन लेकर मेंटेनेंस किया जाना है। मेंटेनेंस का काम 19 फरवरी की सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। इसकी वजह से 19 फरवरी की शाम की पाली में फरीद नगर एवं स्मृति नगर में पानी सप्लाई प्रभावित रहेगी। इसी प्रकार 20 और 21 फरवरी को नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीद नगर, स्लाटर हाउस, खम्हरिया, रूआबांधा, नेवई, मरोदा, रिसाली में पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। मेंटेनेंस के बाद इन क्षेत्रों में पानी की सप्लाई की जाएगी। रिसाली निगम के जल कार्य विभाग प्रभारी गोपाल सिन्हा ने बताया कि लीकेज का मेंटेनेंस किया जाना है। मरम्मत कार्य की वजह से गुरुवार और शुक्रवार को रूआबांधा, नेवई, मरोदा, रिसाली स्थित ओवर हेड टैंक से जल प्रदाय नहीं किया जाएगा।

### ट्विनसिटी में छाए हल्के बादल, पारा 35.5 डिग्री

**भिलाई।** स्थानीय प्रभाव के असर से आगामी दिनों में हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग की मानें तो फरवरी माह में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी की वजह से ऐसे हालात बन रहे हैं। दो दिन बाद यानी 20 फरवरी के बाद न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री तक गिरावट होने के आसार हैं। पारा लुढ़कने से रात में ठंड बढ़ेगी। मध्य और दक्षिण हिस्से में भी रात के तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है। मंगलवार को जिले के दिन का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री रिकार्ड किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.2 डिग्री कम था। बात दें कि प्रदेश में लगातार दिन और रात का तापमान बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान उत्तर और दक्षिण हिस्से में टेम्प्रेचर 2 से 3 डिग्री तक चढ़ा है।

## प्रयागराज जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- ट्रेनों में बढ़ती भीड़ और लेटलतीफी के चलते अचानक की गई रद्द

दुर्ग से चलकर प्रयागराज होकर छपरा तक जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया है। ट्रेन 19 से 23 फरवरी तक रद्द रहेगी। दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी 15160 नंबर की सारनाथ एक्सप्रेस 19, 20 और 21 फरवरी को रद्द रहेगी। वहीं छपरा से चलने वाली 15159 सारनाथ एक्सप्रेस भी 21, 22 और 23 फरवरी को रद्द रहेगी। इस ट्रेन से महाकुंभ जाने की टिकट करवा चुके यात्रियों को अब टिकट फेयर रिफंड किया जा रहा है। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक ऑपरेशनल कारणों की वजह से ये ट्रेन कैंसल की गई है। 23 फरवरी के बाद ये ट्रेन चलेगी या नहीं रेलवे ने साफ नहीं किया है। इस ट्रेन के रद्द होने से महाकुंभ की यात्रा पर जाने वाले यात्रियों में खासी निराशा है।

### 19, 20 व 21 को रहेगी रद्द

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि गोंदिया से टूंडला तक स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस ट्रेन में सीट भी उपलब्ध हैं। 23 फरवरी को गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 08869 गोंदिया-टूंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन और 24 फरवरी टूंडला से चलने वाली गाड़ी 08870 टूंडला-गोंदिया कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन लोगों को मिलेगी। स्पेशल ट्रेन में 18 कोच हैं। ट्रेन सुबह 8.20 बजे गोंदिया से निकलेगी। डोंगरगढ़ 09.20, राजनांदगांव 9.54, दुर्ग 10.35 बजे पहुंचेगी।

## 1 अप्रैल से भवनों के निर्माण की दरों में 50% तक वृद्धि



**भिलाई।** भिलाई निगम की महापौर परिषद की बैठक मंगलवार को महापौर नीरज पाल के कक्ष में हुई। बैठक में 7 प्रस्तावों पर चर्चा की। सबसे अहम भवन अनुज्ञा की दरों में बढ़ोतरी रही। बैठक में उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे मौजूद थी। बैठक में निगम के विभिन्न आवासीय व्यवसायिक, आवास सह व्यवसायिक योजनाओं में आबंटित भूखण्ड पर भवन निर्माण करने हेतु समयवृद्धि बढ़ाने के लिए 31 मार्च 2025 तक पूर्व में प्रशासक द्वारा वृद्धि की गई राशि को यथावत रखने का निर्णय लिया गया। वहीं 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए प्रस्तावित दरों में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई। बैठक में भूमिगत गैस अथवा पेट्रोलियम लाइन के संबंध में महापौर परिषद के सदस्यों ने चर्चा कर कार्य कराये जाने की सर्व सम्मति से सहमति प्रदान की। महिलओ के लिए पिंक शौचालय निर्माण को विधिवत ड्राइंग, डिजाइन एवं शर्तो का पूर्ण उल्लेख करते हुए कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में राधिका नगर में बैडमिंटन ग्राउण्ड का निर्माण, जोन 3 एवं कोर्ट में लंबित शिवनाथ विस्तार योजना पर चर्चा की गई।

## रिकेश ने ई-सिटी बस टर्मिनल का किया भूमिपूजन

# भिलाई-दुर्ग की सड़कों पर जल्द दौड़ने लगेंगी ई-सिटी बसें, नागरिकों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर, भिलाई और दुर्ग के लोगों को बहुत जल्द ई-सिटी बस सेवा का लाभ मिलने लगेगा। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव ने ई-सिटी बस सेवा के लिए दुर्ग-भिलाई से शुरूआत करने की पहल की है। जिसके लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने उनका आभार व्यक्त करते हुए मंगलवार को प्रधानमंत्री बस डिपो टर्मिनल निर्माण कार्य (ई-सिटी बस डिपो) का दुर्ग में भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय, पार्षद सीजू एंथोनी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## 4 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा चार्जिंग डिपो

### भिलाई-दुर्ग के रहवासियों को मिली सौगात



ई-सिटी बस टर्मिनल का भूमिपूजन करने के बाद कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि 4 करोड़ की लागत से शुरू होने जा रहा यह प्रोजेक्ट वैशाली नगर, भिलाई और दुर्ग क्षेत्र के रहवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है। ई-बस सेवा डिपो में बसों की चार्जिंग व्यवस्था सहित टर्मिनल का सारा कंट्रोल यहां से होगा। हम लोग बड़े सौभाग्यशाली हैं कि नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने तय किया कि छत्तीसगढ़ में सबसे पहले ई-सिटी बस सेवा का शुभारंभ भिलाई से होगा, जो कि स्वागतेय है। भिलाई-दुर्ग के निवासियों को बहुत जल्द ई-सिटी बस सड़कों पर दौड़ती मिलेगी।

### फिलहाल लोगों को असुविधा

ये सिटी बसें लोकल स्तर पर आवाजाही करने वाले लोगों के लिए वरदान साबित हुईं थीं। शहर के छोटे-छोटे काम, त्यौहारी खरीददारी, नगर निगम, जिला कार्यालय सहित आस-पास की कॉलोनियों तक आने जाने के लिए खासकर महिलाओं को इससे काफी मदद मिलती थी। सिटी बसें बंद होने से लोगों ने काफी असुविधा महसूस की और सिटी बसों को प्रारंभ करने लगातार मांग करने के बाद भी कांग्रेस की सरकार ने इस ओर कोई पहल नहीं की थी। राज्य की विष्णुदेव सरकार ने भिलाई-दुर्ग वासियों की इस मांग को प्राथमिकता से लिया नतीजतन 4 करोड़ की लागत से ई सिटी बस टर्मिनल को स्वीकृति प्रदान की।

RUNGTA INSTITUTE OF PHARMACEUTICAL SCIENCES
BHILAI - CHHATTISGARH Call : 9229344435
APPOINTMENTS
Rungta Institute of Pharmaceutical Sciences under the aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions invites applications for the following posts :
PRINCIPAL / PROF. / ASSO. PROF. / ASST. PROF.
in the discipline of • D. PHARMA • B. PHARMA • M. PHARMA
Qualification, Experience and Pay Scales as per PCI & CSVTU, Bhilai, norms. Interested and Eligible candidates may send their resume along with relevant testimonials & passport size photograph within 15 days of this advertisement to : hrd@rungtacolleges.com
RUNGTA EDUCATIONAL CAMPUS, KOHKA-KURUD, BHILAI Director

RSR RUNGTA COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
BHILAI - CHHATTISGARH Call : 9229344435
APPOINTMENTS
RSR Rungta College of Engineering & Technology under the aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions invites applications for the following posts :
PRINCIPAL / PROF. / ASSO. PROF. / ASST. PROF.
in the discipline of
• COMPUTER SCIENCE ENGINEERING • ELECTRICAL ENGINEERING • MECHANICAL ENGINEERING • CIVIL ENGINEERING • ET&T • MANAGEMENT • PHYSICS • CHEMISTRY • MATHS • MCA
Qualification, Experience and Pay Scales as per AICTE, New Delhi & CSVTU, Bhilai norms. Interested and Eligible candidates may send their resume along with relevant testimonials & passport size photograph within 15 days of this advertisement to : hrd@rungtacolleges.com
RUNGTA EDUCATIONAL CAMPUS, KOHKA-KURUD, BHILAI Director

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर
हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं
दिनांक: 19 फ़रवरी से 22 फ़रवरी
समय: बुधवार से शनिवार ( प्रातः 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)



▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट
▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
▶ स्पीच थेरेपी




Google Rating ★★★★★ PHILIPS Authorized dealer
9659 455 455
Google Play App Store

अंबिकापुर
मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)

भिलाई
शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)

बिलासपुर
शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

बैरन बाजार (रायपुर)
विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492007)

धमतरी
डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)

जगदलपुर
बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (494001)

कोरबा
मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)

कचहरी चौक (रायपुर)
शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

शंकर नगर (रायपुर)
प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)

Khanna

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड


छत्तीसगढ़ के हर वर्ग की आवाज, युवाओं के नेतृत्वकर्ता
कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव एवं भिलाई विधायक
श्री देवेन्द्र यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्मीपति राजू
पार्षद एवं एम. आई. सी. सदस्य न. पा. नि. भिलाई
मनोज कुमार पांडे
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
एकांश बंछोर
पार्षद एवं एम. आई. सी. सदस्य न. पा. नि. भिलाई
आदित्य सिंह
पार्षद एवं एम. आई. सी. सदस्य न. पा. नि. भिलाई
सुमित पवार
महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई
अभिषेक मिश्रा
पार्षद, न. पा. नि. भिलाई
दीपांशु वर्मा
सचिव, जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई
आशीष यादव
विधायक प्रतिनिधि
फिरोज़ खान
यू.कां. नेता
अभय प्रताप सिंह
यु.कां. नेता
विनीत : समस्त कांग्रेसजन भिलाई, छत्तीसगढ़

## खबर संक्षेप

### भिलाई इस्पात सियान सदन, आवेदन आमंत्रित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा संचालित भिलाई इस्पात सियान सदन रायपुर नाका में रहने के इच्छुक वरिष्ठ नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। अंतिम तारीख 28 फरवरी है।इच्छुक वरिष्ठ नागरिक निर्धारित आवेदन पत्र में अपना आवेदन, महाप्रबंधक (सीएसआर) के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदक को बीएसपी संयंत्र, सेल की अन्य इकाई, केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम या केंद्र सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारी या उनकी होना चाहिए।

### कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र का भ्रमण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड विभाग में कार्यरत कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र के कार्यक्षेत्र से रूबरू कराने के उद्देश्य से आप भी जानिएकार्यक्रम का आयोजन किया गया।
मानव संसाधन विभाग में सीजीएम योगेश शास्त्री व संदीप माथुर, महाप्रबंधक एसके सोनी तथा संजय द्विवेदी उपस्थिति में हुए कार्यक्रम बाद कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र भ्रमण कराया गया। सं उन्होंने बार एवं रॉड मिल, मर्चेंट मिल, रेल मिल, ब्लास्ट फर्नेस-8, एसएमएस-3 विभाग में उत्पादन प्रक्रिया को देखा। आयोजन एच.आर.-मिल्स जोन-1 विभाग द्वारा किया गया।

### बीएकेएस की आमसभा 23 फरवरी को

**भिलाई।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ की आमसभा 23 फरवरी को आयोजित हो रही है। उक्त आमसभा में यूनियन की साल भर की गतिविधियों को सदस्यों के साथ साझा किया जायेगा। यूनियन के आय व्यय के लेखा जोखा को भी जारी किया जायेगा। वर्तमान में सेल प्रबंधन के तानाशाही रवैये , पुराने यूनियनो के वर्षो से मठाधिश नेताओं के क्रियाकलापो से बीएसपी कर्मचारी काफी निराश है, बीएकेएस द्वारा लगातार मुद्दो को लिखित रुप से उठाने, सरकार, मंत्रालय के संज्ञान में लाने तथा अंत में न्यायालय की शरण में जाने पर सभी कर्मचारी बीएकेएस को आशाभरी नजरो से देख रहे है। आमसभा के माध्यम से यूनियन ने संवाद परिचर्चा का आयोजन किया है। बीएकेएस अध्यक्ष अमर सिंह व नवीन कुमार मिश्रा ने बताया कि यह सिर्फ आमसभा नहीं है बल्कि हमारे विभिन्न मुद्दों को हल कराने के लिए प्रतिशोध सभा है।

## निधन

### शिव शंकर शुक्ला

**भिलाई।** सड़क 3, शास्त्री मार्केट, अख्तर पैथोलॉजी के पीछे पावर



हाउस निवासी शिव शंकर शुक्ला उम्र 81 वर्ष का निधन मंगलवार शाम को निज निवास पर हो गया। उसका लंबे समय से उपचार चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे कुलदीप, रविशंकर और निखलेश के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव: अंचल की पंचायतों का देर रात तक आया परिणाम

# नवनिर्वाचित गांव सरकार, जनपद व जिला पंचायत सदस्य लोगों से ले रहे आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत दुर्ग व दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग पंचायत में देर रात तक परिणाम आया। जैसे जैसे परिणाम आता गया सभी गांवों में सभी अपने-अपने उम्मीदवार के साथ जश्न मनाने लगे। पटाखे फोड़ना शुरू हो गया। क्षेत्र में बहुत ही शांतिपूर्ण चुनाव हुआ। जिसमें ग्राम पंचायत अंडा से सरपंच पद के प्रत्याशी दिग्विजय सिन्हा 314 वोट से जीत हासिल की। वहीं ग्राम पंचायत चिंगरी पुष्पा वाघमारे 113 वोट से जीत, ग्राम पंचायत विनायकपुर योगेन्द्र दिल्लीवार 298 वोट से जीत, ग्राम पंचायत आमटी, मासाभाट से दुर्गा चौधरी 200 वोट से जीत, ग्राम पंचायत आलबरस भुवन लाल देशमुख 283 वोट से जीत, ग्राम पंचायत निकुम भागवत पटेल 24 वोट से जीत, ग्राम पंचायत तिरंगा 30 वोट से जीत, ग्राम पंचायत थनौद से मेनका दिनेश देशमुख 470 वोट से जीत, ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा अनसुईया नारायण साहू 51 वोट से जीत, ग्राम पंचायत कोलिहापुरी ईश्वर साहू 200 वोट से जीत, ग्राम पंचायत पिसेगांव द्रौपती देशमुख 60 वोट से जीत, ग्राम पंचायत चंदखुरी कविता ठाकुर, ग्राम पंचायत कोनारी गुजेश्वरी साहू 112 वोट से जीत, ग्राम पंचायत कोटनी रामसिंह निषाद 125 वोट से जीत, ग्राम पंचायत मोहलाई डॉ. नरेन्द्र निषाद 520 वोट से जीत, ग्राम पंचायत रसमड़ा बालकिशन निषाद 300 वोट से जीत, ग्राम पंचायत कुथरेल गीता गजपाल 120 से वोट से जीत, ग्राम पंचायत भरदा सुनीता जयप्रकाश भारदीय 203 वोट से जीत, ग्राम पंचायत कोड़िया खुमान निषाद 1 वोट से जीत, ग्राम पंचायत जंजगिरी गीता ठाकुर 181 वोट से जीत, ग्राम पंचायत भानपुरी उमेंदी ठाकुर 330 वोट से जीत, ग्राम पंचायत अछोटी झरना दिल्लीवार 45 वोट से जीत, ग्राम पंचायत रिसामा रोशन लाल साहू 23 वोट से जीत हासिल की।

इसी तरह जनपद सदस्य ग्राम चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी से बेला यादव 374 वोट से जीत, ग्राम पंचायत अंडा, विनायकपुर जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर 542 वोट से जीत, ग्राम पंचायत कुथरेल, भानपुरी, जंजगिरी से जनपद सदस्य लोमेश कुमार चन्द्राकर 1008 वोट से जीत, ग्राम पंचायत रिसामा, चिरपोटी, मतवारी, मचान्दू ढालेश साहू 480 वोट से जीत, ग्राम पंचायत निकुम, आमटी, मासाभाट, आलबरस से जनपद सदस्य लीलावती रूपेश देशमुख 1600 वोट से जीत हासिल की।

**नवनिर्वाचित सरपंच, पंच व जनपद सदस्यों ने किया आभार व्यक्त**





### डुमरडीह से धर्मेन्द्र बने सरपंच

**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में त्रिस्तरीय चुनाव शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। देर रात तक मतों की गिनती जारी रही, कहीं कश्मकश तो सीधी लड़ाई सरपंच पद के लिए देखने को मिला। मगर जिला पंचायत



सदस्य के लिए एक तरफा जीत श्रद्धा पुरेंद्र साहू ने लगभग 7 हजार वोटो से पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर को हराई। ग्राम पंचायत पुरई में डोमार साहू 560 मतों से विजयी रहे। ग्राम पंचायत खोपली में मंजू फत्तेलाल वर्मा को जनता ने एक बार और मौका दिया वहीं ग्राम पंचायत घुघसीडीह पूर्व सरपंच गोवर्धन बारले की पत्नी ललिता बारले सरपंच बनी, ग्राम पंचायत मचांदूर में पूर्व सरपंच दिलीप साहू की करारी हार हुई वहां युगल साहू सरपंच पद जीते, ग्राम पंचायत कातरों में पूर्व सरपंच मंजू यदु के पति खुमेश यदु मैदान में थे वे चुनाव बुरी तरह हारे, ग्राम के युवा जितेंद्र सोनी सरपंच बने, ग्राम पंचायत करगाडीह में पूर्व सरपंच घनश्याम गजपाल की करारी हार मात्र 10 मतों से हुई वहां करण सेन ने सरपंच पद पर कब्जा किया, ग्राम पंचायत बोरीगारका में चुम्मन यादव ने शत्रुहन साहू को मात देकर सरपंच पद पर कब्जा किया। ग्राम पंचायत पाउवारा में मीना यादव सरपंच बनी, ग्राम पंचायत उमरपोटी विजेंद्र साहू सरपंच बने, ग्राम पंचायत कोकड़ी में युगल चंद्राकर सरपंच बने। वहीं जनपद सदस्य के लिए क्षेत्र क्रमांक 21 से राकेश हिरवानी दोबारा, क्षेत्र क्रमांक 22 से झमित गायकवाड़ पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग से जीती, क्षेत्र क्रमांक 23 से बिंदु दिनेश देशलहरे जनपद सदस्य बनी। जिला पंचायत सदस्य के लिए श्रद्धा साहू की एक तरफा जीत हुई है, लगभग 7 हजार मतों से जीती है। करगाडीह ग्राम पंचायत में पूर्व सरपंच घनश्याम गजपाल मात्र 10 मतों से हारे जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

## विधायक ने विजयी प्रत्याशियों को पार्टी को मजबूत बनाने किया आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के इकलौता नगर पंचायत उतई के स्थानीय निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले प्रत्याशियों ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से उनके निज निवास में मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और इस जीत के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक ललित चंद्राकर ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए उनसे पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

■ विजयी प्रत्याशियों ने विधायक से मुलाकात कर लिया आशीर्वाद

विधायक ललित चंद्राकर के निवास में मुलाकात करने वाले में नवनिर्वाचित उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेन्द्र साहू, पार्षद वार्ड 2 सोमेन्द्र सोनू राजपूत, वार्ड 4 लक्ष्मीनारायण साहू, वार्ड 5 सतीश कुमार चंद्राकर, वार्ड 6 लता सोनवानी, वार्ड 7 भीमसेन सिन्हा, वार्ड 10 खूबी राम साहू, वार्ड 11 शिव नारायण देशमुख, वार्ड 12 अनीता नीलम गड़े, वार्ड 14 संगीत रजक, वार्ड 15 सुनीता गौतम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, भाजपा कार्यकर्ता एकता चंद्राकर, मनोज सोनी, पूर्व रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बारात जाने से पहले दूल्हे ने किया मतदान

**उतई।** त्रिस्तरी पंचायत चुनाव के पहले चरण में 17 फरवरी को दुर्ग जिले के ग्रामों में मतदान हुआ। वहीं ग्राम डूमरडीह में भी मतदान हुआ जिसमे ग्राम पंचायत डुमरडीह वार्ड क्र.17 बस स्टैंड डुमरडीह के दुर्गेश उर्फ बाबा साहू ने हल्दी रस्म होने के बाद बारात जाने से पहले अपने मताधिकार का उपयोग किया और कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हमें सबसे पहले मतदान करना चाहिए।



## बोरिया मार्केट शिव मंदिर के समीप शौचालय निर्माण, व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर 4 बोरिया मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिंह परिहार सहित अन्य व्यापारियों ने जारी विज्ञप्ति में बोरिया मार्केट मनोकामना शिव मंदिर हनुमान मंदिर के समीप शौचालय के निर्माण कार्य का विरोध करते हुए इसके स्थल परिवर्तन की मांग स्थानीय पार्षद (जोन अध्यक्ष )जिला प्रशासन, निगम प्रशासन व जन प्रतिनिधियों से की है। इस मांग को लेकर व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन भी किया।

■ नगर निगम से स्थल परिवर्तन की मांग

व्यापारियों ने बताया कि जिस स्थान पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है, उसके समीप भगवान भोले शंकर व हनुमान भगवान का मंदिर है। हर साल यहां हनुमान जंयती,महाशिव रात्रि और समय समय पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। शौचालय निर्माण हो जाने से परेशानी होगी। शौचालय अन्यत्र बनाया जाए। विरोध प्रदर्शन में बोरिया मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिंह परिहार, दिलीप खटवानी,प्रमोद मोर्चा, आशीष चौधरी, सोमनाथ, विकास जैन, विनोद कुमार, विजय गुप्ता, अखिलेश जैन, रोहित साहू, योगेंद्र सिंग प्रशांत क्षीरसागर, अरुण बेरी ओम क्षीरसागर अनिल गुप्ता , दीपक, छोटू, मोहन, अजय, पवन, भरोस, विशाल, ताज, रफीक, सतीश सेमल्टी, गोकुल, बालराजु, दशरथीभोई, राघवेन्द्र पाठक, मनोज साव, पन्नालाल, रुपेश सोनी, निर्मला नायडू, लक्ष्मी, गीता, प्रियंका चंदेल, यशोदा साहू आदि व्यापारी उपस्थित थे।

# टाउनशिप में लगातार बढ़ रहा ट्रैफिक प्रमुख सड़कों को टूलेन करने की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में प्रमुख सड़कों का नए सिरे से डामरीकरण,चौड़ीकरण के साथ चौकों का भी संधारण किया जा रहा है। ट्रैफिक की बढ़ती समस्या को देखते हुए प्रमुख व्यस्ततम मार्गों को टूलेन में परिवर्तित किए जाने की दरकार है। इससे आवागमन सुगम होने से ट्रैफिक की रेलमपेल और दुर्घटनाओं की आफत से राहत मिलेगी।

■ रोज लाखों वाहनों के दौड़ने से बढ़े जाम के हालात व दुर्घटनाएं

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग द्वारा सेक्टरी क्षेत्र की कई सड़कों का चौड़ीकरण और डामरीकरण किया जा रहा है। सबसे प्रमुख सड़क सेंट्रल एवेन्यू सहित रेलवे एवेन्यू, सेक्टर एक सड़क, सेक्टर 6 ए मार्केट और सेक्टर दस आदि कई सड़कों का नए सिरे से डामरीकरण किये जाने से वाहनचालकों को थोड़ी राहत मिल रही है। लेकिन डामरीकरण के साथ प्रमुख और व्यस्ततम मार्गों को अब टूलेन किए जाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। विदित हो कि अब तक टाउनशिप में मात्र जेपी सीमेंट चौक से जेपी चौक सेक्टर 6 सड़क, रुआबांधा चौक से रेल (ग्लोब) चौक सेक्टर 6 सड़क को ही बीच में डिवाइडर लगाकर टूलेन सड़क के रुप में में परिवर्तित किया गया है। इसके अलावा वर्तमान में स्टील क्लब रोड के टूलेन का काम प्रगति पर है। सेंट्रल एवेन्यू सड़क तो शुरु से फोर लेन हैयूनियनों के मुताबिक इससे लोगों को सुविधा होगी लेकिन कई अन्य व्यस्ततम सड़कों को भी टूलेन किए जाने की जरुरत है,ताकि ट्रैफिक सुगम हो और आए दिन हो रहीं दुर्घटनाओं से लोगों को निजात मिले।

### बढ़ गया ट्रैफिक का दबाव

टाउनशिप में पिछले दो दशक के दौरान घर घर दो तीन वाहनों के होने से कई गुना ट्रैफिक बढ़ गया है। इससे ड्यूटी टाइम में जाम के हालात और आवागन दुर्घटनाजन्य होने से लोगों का वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। आवारा मवेशियों ने ट्रैफिक की समस्या को और बढ़ा दिया है। टाउनशिप में रोज दोपहिया, कार और कमर्शियल सहित पांच लाख गाड़ियां दौड़ती हैं। जबकि सड़कें वही पचास साल पुरानी हैं। इसे देखते हुए टाउनशिप में सड़कों के कायाकल्प के साथ अंडरब्रिजों व ओवरब्रिजों की जरुरत है।



### यह सड़कें बने टूलेन

टाउनशिप में भिलाई होटल रोड और जेपी चौक रोड की तरह कई व्यस्ततम सड़कों को टूलेन मार्ग में बदले जाने की मांग यूनियनें कर रही हैं। इनमें बत्तीस बंगला चौक से पावरहाउस स्टेशन सेक्टर1 चौक रोड,सेक्टर 6 चौक से प्रियदर्शनी अंडरब्रिज चौक सड़क, सेक्टर 6 ई मार्केट चिराहे से बी मार्केट रोड, ए मार्केट चौक से मेन्नोनाइट चौक रोड, सेक्टर 6 महाराणा प्रताप चौक से सेंट्रल एवेन्यू पेट्रोल पंप रोड, सेक्टर 1 रोड, सेक्टर 10 काफी हाउस रोड, मैत्रीबाग रोड आदि अति व्यस्ततम मार्गों को टूलेन सड़क में बदले जाने की जरुरत है।

## भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सरस्वती को मिल रहा समर्थन

**भिलाई।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सरस्वती सत्यप्रकाश बंजारे ने मंगलवार को ग्राम मुर्रा, डाबा, कंडरका, चेटुवा आदि गाँव मे सघन जनसपंर्क किया। कंडरका में जनसंपर्क के दौरान नुक्कड़ सभा का भी आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी सरस्वती बंजारे का समर्थन किया। इस जनसंपर्क में जनता का अपार मया और दुलार मिलने से सरस्वती बंजारे का मनोबल और विश्वास दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। स्वयं सरस्वती बंजारे प्रत्येक घर मे जनसंपर्क कर प्रधानमंत्री मोदी और विष्णुदेव सरकार का जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के परिवार को जो लाभ मिल रहा है इसके



विषय मे विस्तार से चर्चा किया जा रहा है। एक युवा महिला के प्रत्याशी बनने से सभी महिलाओं में सरस्वती बंजारे के प्रति रुझान और भी बढ़ गई है।

## रिफ्रेक्टरी इंजीनियरिंग में सुरक्षा सप्ताह हुआ शुरु

**भिलाई।** सेल रिफेक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में सुरक्षा सुप्ताह का उदघाटन सुरक्षा जागरुकता पर कठपुतली शो से किया गया। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि



प्रचालन में हर संभावित खतरे की पहचान करें, और उनके निवारण करने का प्रयास करें। प्रबंधक और लीडर्स उन क्षेत्रों की गहरी समझ रखें जिनकी वे देखरेख करते हैं ताकि सुरक्षा मानकों को बनाए रखकर संभावित जोखिमों की सूचना दी जा सके। मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास और महाप्रबंधक राजेश गर्ग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और कहा कि आरईडी विभाग द्वारा सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रमों का उद्देश्य संयंत्र के ठेका श्रमिकों को महत्वपूर्ण प्रशिक्षण और कर्मचारी जुड़ाव के अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में सीजीएम तुषार कांत, चीफ फायर ऑफिसर बीके महापात्रा, सीजीएमअनूप कुमार दत्ता, प्रमोद कुमार, राजीव पांडेय,सुशील कुमार, समीर गुप्ता, इंद्रजीत सेनगुप्ता, पीवीवीएस मूर्ति, उमा कटोच, जीएम जे तुलसीदासन, एजीएमप्रतीक देशलहरा, डीजीएम शालिनी चौरसिया आदि उपस्थित थे। उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.प्र.क्र. /202410102800014/अ-27/वर्ष 2024-2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती महेश्वरी साहू पति होरीलाल साहू निवासी ग्राम हथखोज भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन किया है कि मौजा ग्राम चेटुवा प.ह.नं. 16 तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 535/2 रकबा 0.62 हे. की भूमि भूधारक महेश्वरी साहू पति होरीलाल व अन्य के भूमिस्वामी हक्र में दर्ज है। आवेदित भूमि को आवेदिका खातेदार एवं सहखातेदार के मध्य में खाता विभाजन करने एवं पृथक से ऋण पुस्तिका जारी किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 28.2.25 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.01.25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 27.01.25
पेशीदिनांक 28.02.25

नायब तहसीलदार
अहिवारा

**NAME CHANGE**

I, CHHAGAN SAMPAT PURI S/O S. C. Puri residing at House No. 545, Near 5 mandir, Gurunanak Nagar, Ward No. 13, Supela Bhilai, Dist.: Durg, Chhattisgarh-490023, shall henceforth be known as C. S. PURI as declared before the Notary Public Chhattisgarh vide affidavit no 23AA 853417 Dated 13/02/2025 CHHAGAN SAMPAT PURI and C.S. PURI both are same and identical person.

CHHAGAN SAMPAT PURI

### श्रीकृष्ण जन्म पर झूमे श्रद्धालु, भक्ति और भजन की कोई उम्र नहीं होती

**सेलूद।** ग्राम छाटा में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा में जैसे ही भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे। इसके बाद आयोजक परिवार के बच्चों ने भागवत कथा स्थल पर झांकी के माध्यम से श्री कृष्ण जन्म की कथा का प्रदर्शन किया। कथा के आयोजक गिरधर बघेल, शैल बघेल पूरे परिवार के साथ नृत्य किया। श्री कृष्ण जन्म के अवसर पर पूरा भागवत कथा स्थल को गुब्बारों से सजाया गया था। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आए। भगवान के जन्म की खुशी पर महिलाओं ने अपने घरों से लाए गए गुड़ के लड्डूओं से भगवान को भोग लगाया। इस अवसर भागवत कथा व्यास से पूज्य रेणुका दीदी गोस्वामी ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई। चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया। तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के 8वें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया।



■ कथा स्थल पर गूंजा नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की

**26वीं पुण्यतिथि**

स्वर्गवास
19-02-1999



स्व. भजन सिंह पड्डा

जीवन के दुखो में हमें चलना सिखाया, मिलकर रहने का राह बताया,
साथ रहने से हर मुश्किल दूर जाते है। आप हमें हमेशा याद आते है।

भावपूर्ण श्रद्धांजली
प्रिय मित्र - राकेश मिश्रा

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# चुनाव के बीच उतर रही शराब की बड़ी खेप, गटक रहे लाखों के जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

चुनाव के बीच लगातार अवैध शराब के जखीरे पकडे जा रहे हैं। इसके पहले भी लगातार अवैध शराब के मामले सामने आ चुके है। चुनाव के बीच बडे पैमाने पर मिल रहे शराब को लेकर सवाल खडे हो रहे हैं। मध्यप्रदेश की शराब दुर्ग जिले में पिछले लंबे समय से खप रहा है। महाराष्ट्र और एमपी की शराब को लेकर जिला हाट-स्पाट बनते जा रहा हैं।

जानकारी अनुसार चुनाव के दिन 17 फरवरी की रात आबकारी विभाग दुर्ग के द्वारा ग्राम नंदिनी खुन्दिनी, थाना नन्दिनी नगर में अवैध शराब के परिवहन की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर 2 आरोपी राजकुमार सिंह पिता जोगेंदर सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी-जुनवानी थाना सुपेला जिला दुर्ग के आधिपत्य से एक सफ़ेद रंग सेवरलेट बिट कार वाहन क्र. सीजी 04 केव्ही 7060 के पिछली सीट पर रखा 29 नग पेटी प्रत्येक पेटी में 48 नग पाव, कुल 1392 नग पाव रॉयल ब्लू व्हिस्की राज्य गोवा निर्मित विदेशी मदिरा जप्त किया गया। इसीप्रकार रंजीत सिंह पिता ओंकार सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी- कैंप 1 आदर्श नगर थाना- छावनी के अधिपत्य के ग्रे रंग के आल्टो कार क्रमांक सीजी 07 एमए 9418 के सीट व डिग्गी में रखा 29 पेटी प्रत्येक पेटी में 48 नग पाव कुल 1392 नग पाव रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की विदेशी मदिरा जप्त किया गया। कुल मदिरा 2784 नग पाव (58 पेटी), जिसकी कुल मात्रा 591.12 बल्क लीटर व बाज़ार मूल्य 361920 रूपये का शराब एवं उपरोक्त 2 वाहन (बाज़ार मूल्य क्रमशः 350000 रूपये व 300000 रूपये) (जप्त सामग्री का कुल बाज़ार मूल्य 10,11,920 रूपये) जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36 के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार नेताम द्वारा आरोपियों को जेल दाखिल कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। इस प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी निर्मला ठाकुर, सुप्रिया शर्मा, धीरज कन्नौजिया, पंकज कुजूर, आबकारी उप निरीक्षक अरविंद साहू, हरीश पटेल , प्रियंक ठाकुर, गीतांजलि तारम, भोजराम आबकारी मुख्य आरक्षक प्रहलाद सिंह राजपूत, आरक्षक संदीप तिर्की, वाहन चालक दुर्गेश कुर्रे, नोहर साहू, धनराज का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## चुनाव की रात जब्त की एमपी की शराब, 2 आरोपी गिरफ्तार, 2 वाहन जप्त

### पहले भी मप्र की पकडाई शराब

विगत तेरह फरवरी को 26 लाख की 361 पेटी अंग्रेजी शराब पकडे गए थे। इस दौरान पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलगांव थाना अंतर्गत जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र में बड़ी मात्रा में नागपुर की शराब लाई गई है और उसे खपाने का प्रयास किया जा रहा है। हरीश पाटिल और उनकी टीम ने गुरुवार सुबह डांडेसरा गांव में छापामार कार्रवाई की। उन्होंने अलग-अलग खतों से शराब 361 पेटी शराब जब्त की। जब्त शराब की कुल कीमत 26 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।



### पाटन में भी पकड़ाई थी खेप

जिले के पाटन ब्लॉक के ग्राम पुंड़ा में पुलिस ने 500 पेटी अवैध शराब जब्त की गई थी। जो मध्यप्रदेश में बनाई गई थी। इस मामले में पुलिस ने 7 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक निकाय और पंचायत चुनाव में खपाने के लिए शराब लाई गई थी। पुलिस की माने तो फुंडा गांव के वर्मा फॉर्म हाउस में देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि चुनाव में खपाने के लिए बड़ी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम को एक्टिव किया गया। अवैध शराब को ठिकाने लगाते पुलिस ने 7 लोगों को धर दबोचा था।

## खबर संक्षेप



### सेवा कार्य के लिए सम्मानित किए गए दिलीप ठाकुर

**दुर्ग।** ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के तत्वाधान में आदिम जाति कल्याण विभाग के तत्वावधान में विज्ञान विकास केंद्र द्वारा संचालित छात्रावास में अध्ययनरत अनुसूचित जाति और जनजाति छात्राओं के लिए विगत कई वर्षों से स्वास्थ परीक्षण मार्गदर्शन नगर के चिकित्सकों के माध्यम से कराया जा रहा है। जिसके लिए विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह द्वारा जिला चिकित्सालय के जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर को सम्मानित किया गया। दिलीप ठाकुर के सम्मानित होने पर सत्य साई सेवा समिति सत्यम शिवम सुंदरम समिति ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति जीवन दीप समिति द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। विदित हो कि श्री ठाकुर इसके पूर्व में भी शहीद वीर रामाधीन सेवा सम्मान से डॉ रमन सिंह एवं सतत रचनात्मक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रशंसित और सम्मानित हो चुके हैं।

### कॉलेज के 15 छात्रों ने विवि की प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान

**दुर्ग।** सेठ आरसीएसकला एंव वाणिज्य महाविद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची 2024 में स्थान बनाया। जिनमें एमए राजनीति विज्ञान में निखिल देशलहरा सातावं स्थान, एम.लिब. में मधु, निशा, महेश्वरी केवट, दुर्गा, अर्चना दुबे, दीक्षा साहू,क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम व छठवां स्थान, बी. लिब. में ज्योति, आकाश ताम्रकार एंव टीना क्रमशः चतुर्थ, पंचम व सातवां स्थान, बी.पी.एड. में शाहिल यादव, रामादत्ता, शारदा, पी कल्याणी, शेखर कुमार क्रमशः प्रथम, तृतीय, चतुर्थ, सप्तम एंव नवम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, प्रभारी प्राचार्य एंव राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद यादव, ग्रन्थालय एंव सूचना विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. भावना वर्मा, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष नीलेश तिवारी एवं प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## चुनाव : पाटन ब्लॉक में 20 फरवरी को होगा मतदान

# दूसरे चरण के लिए आज मतदान दल होगा रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

त्रि-स्तरीय पंचायत के तहत पहले चरण का चुनाव निपटने के बाद दूसरे चरण के लिए आज मतदान दलों को रवाना किया जाएगा। कल सुबह सात बजे से बूथों में वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिले के पाटन विकासखण्ड में द्वितीय चरण का मतदान गुरूवार 20 फरवरी को संपन्न होगा। दूसरे चरण के तहत पाटन जनपद के 108 ग्राम पंचायतों में चुनाव कार्य संपन्न होगा।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा-निर्देशन में दुर्ग जिले में द्वितीय चरण के अंतर्गत 20 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनातगी की गई है।

### पाटन के 108 पंचायत अंतर्गत 294 मतदान केन्द्रों में चुनाव



### जिले का चार, जनपद 25 और 108 सरंपच का चुनाव

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इन सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 07 से दोपहर 3 बजे तक मतदान संपन्न किया जाएगा। मतदान समाप्ति के पश्चात पीठासीन अधिकारी के मार्गदर्शन में मतदान अधिकारियों के द्वारा मतगणना की जाएगी। द्वितीय चरण में पंच-सरपंच के अलावा 25 जनपद पंचायत सदस्य और 4 जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव संपन्न होगा।

### पाटन मुख्यालय से दल होगा रवाना

गुरूवार 20 फरवरी को होने वाले द्वितीय चरण के मतदान के लिए मतदान अधिकारियों को बुधवार 19 फरवरी को सुबह सामग्री वितरण केन्द्र स्वामी आत्मानंद स्कूल (कन्या) पाटन परिसर से हरी झण्डी दिखाकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण के अंतर्गत 20 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान के तहत मतों की गणना मतदान समाप्ति के पश्चात संबंधित मतदान केन्द्रों में ही की जाएगी। पाटन विकासखण्ड में गुरूवार 20 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान हेतु कुल 294 मतदान केन्द्र बनाए गए है।

# प्रत्याशियों ने कहा- मैदान में हमें अकेले छोड़ गए थे बड़े नेता




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- कांग्रेस भवन में नाराज प्रत्याशियों का फूटा गुस्सा

चुनाव जीतकर आए प्रत्याशियों के लिए सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। लेकिन इस कार्यक्रम में हारे हुए प्रत्याशी की पीडा फूट गई और उन्होने कांग्रेस के जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं की जमकर खरी खोटी सुना दी। हांलाकि इस कार्यक्रम में पीसीसी के महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल और पूर्व सभापति राजेश यादव गायब रहे।

राजीव भवन में मंगलवार को जिला शहर कांग्रेस संगठन ने सभी पदाधिकारियों को बुलाया था। इस दौरान जीते हुए पार्षद प्रत्याशियों का सम्मान किया जाना था। लेकिन इस बैठक में बडे नेता आए ही नहीं थे। बैठक में पूर्व विधायक अरूण वोरा ने हारे हुए प्रत्याशियों का हौसला जैसे ही बढाया। इस बीच दो बार के महापौर रहे शंकरलाल ताम्रकार ने कहा कि, यह हार चिंतनीय है। इसलिए समीक्षा कर कमियों को दूर करना चाहिए। आखिर कमी किसमें रहे गई। इस बीच वार्ड बारह के प्रत्याशी रहे मोहित वाल्दे ने कडे स्वर में कहा चुनाव में हमे बडे नेता अकेले छोड दिए थे। किसी ने भी सहयोग नही किया। वही शिवाकांत तिवारी ने कहा हमें मैदान में जरूर उतारा गया। लेकिन हाथ पैर और शस्त्र छीन लिए थे तो कैसे लडते। उनके वार्ड में निर्दलीय प्रकाश गीते ने जीत दर्ज की है। जिसे समझाने का कोई प्रयास नही करने पर वे नाराज दिखे। इस दौरान जिला अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व शंकरलाल ताम्रकार, परमजीत सिंह भूई, प्रेमलता साहू, कौशल किशोर एवं कांग्रेस कार्यकर्ता और सभी कांग्रेस प्रत्याशी उपस्थित थे।

### पूर्व मेयर से लेकर कई नेता नहीं दिखे

कांग्रेस भवन में पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल और राजेन्द्र साहू, अल्ताफ अहमद नही दिखे। बैठक के बीच अब्दुल गनी भी पहुंचे। उन्होने कहा समीक्षा बैठक तो होनी चाहिए। उन्होने कहा प्रत्याशियों की अलग और संगठन की बैठक अलग रखी जाए। ऐसी उम्मीद थी कि, इतनी बुरी हार को लेकर कांग्रेस जल्द ही समीक्षा करेगी। लेकिन ऐसा नही हुआ और कहा गया कि यह कार्यक्रम सम्मान करने के लिए हैं।

# ई-सिटी बस टर्मिनल निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



भिलाई और दुर्ग के लोगों को बहुत जल्द ई-सिटी बस सेवा का लाभ मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव ने ई सिटी बस सेवा के लिए दुर्ग भिलाई से शुरूआत करने की पहल की है। प्रधानमंत्री ई बस डिपो टर्मिनल निर्माण कार्य के भूमिपूजन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, निगम आयुक्त राजीव पांडेय, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित दुर्ग जिला अर्बन पब्लिक सोसायटी के सदस्य मौजूद रहे। भूमिपूजन पश्चात विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, भिलाई और दुर्ग क्षेत्र के रहवासियों के लिए एक बड़ी सौगात भाजपा सरकार ने दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव के पहल से बनने जा रहे ई-बस डिपो में बसों की चार्जिंग व्यवस्था सहित टर्मिनल का सारा कंट्रोल यहां से होगा। दुर्ग भिलाईवासियों के लिए गर्व की बात है कि, प्रदेश में सबसे पहले ई-सिटी बस सेवा का शुभारंभ भिलाई में हो रहा है। बैटरी से चलित ई-बसें न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होंगी, बल्कि स्वच्छ और आधुनिक परिवहन का मार्ग भी प्रशस्त करेंगी। स्थानीय स्तर पर आवागमन करने वाले यात्रियों को सिटी बस काफी मददगार साबित होगा।

# नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- सीएम ने नए प्रत्याशियों को दी बधाई



विधायक गजेन्द्र यादव के नेतृत्व में नवनिर्वाचित महापौर और भाजपा के पार्षद ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से भी सौजन्य मुलाकात कर एक-एक पार्षद से परिचय प्राप्त किये और जीत की बधाई देते हुए निगम चुनाव में शीर्ष नेतृत्व से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किये। निगम चुनाव में महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार की ऐतिहासिक जीत और 40 सीट पर भाजपा पार्षद प्रत्याशियों की प्रचंड जीत मिलने पर सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि शहर विधायक गजेन्द्र यादव के साथ मुख्यमंत्री निवास पहुँचे। जहाँ विधायक श्री यादव ने महापौर के साथ सभी पार्षदों का क्रमशः व्यक्तिगत परिचय कराये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदो को नये दायित्व एवं सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनायें दिए। जनता द्वारा भाजपा पर विश्वास कर जो अपार समर्थन दिए है। उन पर खरा उतरकर कार्य करने उत्साहवर्धन किये।

## शराब पीकर चुनाव ड्यूटी, पीठासीन अधिकारी निलंबित

**दुर्ग।** सामग्री वितरण 10 फरवरी को अशोक कुमार नेताम, प्रधानपाठक, शा.प्रा.शाला अंजोरा (ख), जिला दुर्ग की ड्यूटी मतदान दल क्रमांक 251 के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 2 में पीठासीन अधिकारी के रुप में लगाई गई थी। उक्त संबंध में ननि दुर्ग के सेक्टर 1 के सेक्टर अधिकारी अनुसार नेताम द्वारा भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में मतदान सामग्री प्राप्त करने दौरान मदिरापान किया जाना पाया गया व निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही किये जाने के फलस्वरुप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, दुर्ग द्वारा निलंबन हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है। संबंधित का कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के विपरित है। निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय बीईओ दुर्ग रहेगा। संबंधित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# दो प्रधान पाठक और एक उप अभियंता को किया निलंबित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने निर्वाचन कार्य मे कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतने व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 20क तथा सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियमो के विपरीत कार्य किये जाने के फलस्वरूप लीला राम साहू प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक अकोला (विकास खंड धमधा), भुवनेश्वर प्रसाद गर्ग प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक पाठ शाला बेलोदी (विकास खंड दुर्ग) और खूबचंद आडिल उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सम्भाग दुर्ग को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता पाने की पात्रता होगी। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। निलंबन अवधि में श्री साहू का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमधा, श्री गर्ग का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा श्री आडिल का मुख्यालय जनपद पंचायत दुर्ग निर्धारित किया गया है। ज्ञात हो कि नपा आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान दल के पीठासीन अधिकारी के रूप में इनकी ड्यूटी क्रमशः ननि दुर्ग, नगर पालिक परिषद कुम्हारी, अहिवारा में लगाई गई थी।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# बालकों के कल्याण के लिए दानदाता कोष में जमा कर सकेंगे दान राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- छग बालकोष हेतु दान दाताओं से अनुदान प्राप्त करने प्रावधान

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख व संरक्षण) अधिनियम 2015 तथा संशोधित 2021 की धारा 105 एवं नियम 2016 यथा संशोधित 2022 के नियम 83 के तहत इस अधिनियम और इन नियमों के अधीन आने वाले बालकों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए किशोर न्याय निधि के प्रावधान अनुसार राज्य में बच्चों के सर्वोत्तम हित में छत्तीसगढ़ बाल कोष का गठन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ बाल कोष के क्रियान्वयन दिशा निर्देश 2022 के कंडिका 4 में छत्तीसगढ़ बाल कोष के सृजन हेतु दान अनुदान, अंशदान, आय के स्त्रोत का विवरण दिया गया है। जिसके अनुसार दान दाताओं से निम्नानुसार दान, अनुदान, अंशदान प्राप्त करने का प्रावधान है। किसी व्यक्ति या समूह या संस्था (जिसमें स्वयंसेवी संस्था, संगठन, गैर सरकारी संस्था, ट्रस्ट आदि) या कॉर्पोरेट्स (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा स्वैच्छिक रूप से दिया गया दान, अंशदान अनुदान। उद्योगपतियों, प्रबुद्ध व्यक्तियों, सरकारी, गैर सरकारी कार्मिकों एवं व्यापारियों द्वारा स्वैच्छिक दान, अंशदान अनुदान शामिल है। राज्य शासन के निर्देशानुसार बच्चों के सर्वोत्तम हित में दान, अनुदान, अंशदान प्राप्त करने हेतु राज्य स्तर पर आईसीआईसी बैंक में खाता संख्या 251501000259, आईएफएसआई संख्या ICICI0002515 का संचालन किया जा रहा है।

## बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से कूदा सरफिरा, ढाई घंटे का चला ड्रामा

**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट के पास सिध्दि विनायक मंदिर के पास एक सरफिरा तीन मंजिल स्थित एक बिल्डिंग के उपर चढ गया। दोपहर को लोगों की नजर बिल्डिंग के उपर पडी तो खलबली मच गई। सरफिरा कूदने का प्रयास करने लगा। जिसकी सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई। करीब ढाई घंटे के ड्रामा के बाद पुलिस ने युवक को पकडा और अस्पताल भेज दिया।

कोतवाली पुलिस के अनुसार युवक का नाम जयराज नायक उम्र 25 वर्ष हैं। वह कुछ दिन पहले परिवार के साथ हैदराबाद मजदूरी करने गया था। उसकी तबियत ठीक नही रहने पर उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया था। लेकिन मंगलवार को वो अस्पताल से बाहर निकालकर सीधे बिल्डिंग में आ पहुंचा था। इस दौरान मौके पर हजारों की भीड लग गई थी। तीसरे बिल्डिंग से युवक कूदा, लेकिन तार से टकराकर वो पहले बिल्डिंग के उपर पहुंच गया। जहां पुलिस ने उसी खिडकी से प्रवेशकर पकडा। लेकिन उसके बाद भी पुलिस का धक्का देकर युवक भागने की कोशिश किया और पहले मंजिल से नीचे कूद गया। लेकिन आम लोगों ने उसे दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार युवक की मानसिक स्थिति ठीक नही होने की बात कह रही है। बहरहाल उसे फिर से जिला अस्पताल भर्ती कराया गया हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
28 फरवरी से 08 मार्च 2025, 21 मार्च से 29 मार्च 2025, 11 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 09 मई से 17 मई 2025, 23 मई से 31 मई 2025, 06 जून से 14 जून 2025 (9 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
राशि:-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 24,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 19 फरवरी 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129

04

वेनेजुएला की बहार

## लाइव इवेंट

### ऐतिहासिक डाक टिकटों के संकलन की प्रदर्शनी 21 और 22 को कला मंदिर में



**भिलाई।** भारतीय डाक विभाग दुर्ग संभाग की जिला स्तरीय फिलाटेली डाक टिकट प्रदर्शनी 21 और 22 फरवरी को आयोजित है। ट्विनसिटी पेक्स 2025 नाम से यह प्रदर्शनी लगाई जा रही है। इसमें दुर्ग, बालोद, बेमेतरा जिले के सभी डाक टिकट संग्रहणकर्ता भाग ले सकते हैं। इस डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों के मध्य फिलाटेली के प्रचार-प्रसार व संवर्धन हेतु नया एवं आधुनिक आयाम है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य डाक विभाग के साथ जुड़ने हेतु माध्यम तैयार करना, फिलाटेली जैसे शौक के प्रति रुचि जागृत करना, उनके संग्रहणों को आम जनता के मध्य प्रदर्शित करने हेतु सुसज्जित मंच प्रदान करना एवं फिलाटेली संबंधी जानकारी प्रदान कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की नई सकारात्मक पृष्ठभूमि तैयार करना है। इस कार्यक्रम में दुर्ग संभाग के विभिन्न जिलों के क्षेत्रवासियों, स्कूली विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक नए-पुराने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संग्रहकर्ताओं के द्वारा दुर्लभ डाक टिकटों का संग्रह प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में दो विशेष आवरण का विरूपण एवं विमोचन भी किया जाएगा। फिलाटेली प्रदर्शनी महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में लगाई जाएगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन 21 फरवरी को सुबह 11 बजे होगा। प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 11 से रात 8 बजे तक लोगों के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी।

- दुर्ग, बालोद, बेमेतरा के संकलनकर्ता ले सकते हैं भाग, पंजीयन का आज अंतिम दिन

प्रतिभागी प्रदर्शनी में लगाई जाने वाली डाक टिकट 19 फरवरी तक कार्य दिवस में सिविक सेंटर उप डाकघर में जमा कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए उप डाकघर सिविक सेंटर भिलाई या प्रवर अधीक्षक डाकघर कार्यालय सिविक सेंटर से प्राप्त की जा सकती है।

## सिटी इवेंट

### एनआईटी का इनोवेशन, आर्गन ट्रांसप्लांट और टिश्यूज के इलाज में मिली सफलता



**भिलाई।** एनआईटी के बायोटेक्निकल डिपार्टमेंट में सीरियम ऑक्साइड माइक्रोट्यूब्स बनाने के नए तरीके इजाद किए गए हैं। ये चोट लगने पर नई मांसपेशी और नर्व सेल यानी तंत्रिका कोशिकाओं को ठीक करने में मदद करेंग। साथ ही तनाव से होने वाले कोशिका के नुकसान को कम करने में वैसे ही मदद करेंगे, जैसे फलों में पाए जाने वाले एंटीऑक्सिडेंट्स मनुष्य शरीर की रक्षा करते हैं। इस रिसर्च को दिलीप कुमार चंद्रा ने डॉ. चिन्मय महापात्रा और डॉ. अवनीश कुमार के मार्गदर्शन में किया है। इस रिसर्च को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा आधिकारिक तौर पर पेटेंट भी कर दिया गया है। सीरियम ऑक्साइड माइक्रोट्यूब्स बेहद छोटे, नली के आकार के पदार्थ होते हैं जो सीरियम ऑक्साइड से बने होते हैं। इसे बेहद पतली स्ट्रॉ की तरह समझ सकते हैं, जो बाल से 400 गुना पतले होते हैं। इसकी खोखली और छिद्रयुक्त संरचना इसे मेडिकल फील्ड में उपयोगी बनाती है। दिलीप कुमार 2022 से इस पर काम कर रहे थे। इस रिसर्च को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त एससीआई और स्कोपस इंडेक्स जर्नल्स में प्रकाशित किया जा चुका है। सेल को जल्दी और बेहतर तरीके से ठीक करेगा। एंटी ऑक्सिडेंट थैरेपी की तरह काम करेगा।

- चोट लगने पर नई मांसपेशी और नर्व सेल को ठीक करेंगे, मिला पेटेंट

## नवमीं और ग्यारहवीं की परीक्षा की तैयारी शुरू, मार्च में होंगे एग्जाम

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शिक्षाा मंडल की दसवीं व बारहवीं की परीक्षा मार्च में होगी। पांचवीं-आठवीं परीक्षा की तारीख भी तय हो चुकी है। इसके शेड्यूल भी जारी कर दिए गए हहैं। अब नवमीं व ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा का शेड्यूल जारी होना है। इसे लेकर शिक्षा विभाग से तैयारी की जा रही है। संभावना है कि यह परीक्षा भी मार्च में ही आयोजित की जाएगी। दरअसल, बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के कुछ दिनों के बाद ही मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। बड़ी संख्या में शिक्षक मूल्यांकन कार्य में शामिल होंगे। इसे लेकर मार्च में ही नवमीं ग्यारहवीं का पेपर होने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक पिछले वर्षों में मार्च में ही बोर्ड एग्जाम के दौरान ही यह परीक्षा होती रही है। गौरतलब है कि दसवीं की परीक्षा 3 से 24 मार्च और बारहवीं की परीक्षा 1 से 28 मार्च तक होगी। इसी तरह पांचवीं का पेपर 17 से 27 मार्च तक होगा। जबकि आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से 3 अप्रैल तक होगी। इस बार सीजी बोर्ड से जुड़े राज्य के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में एक साथ यह परीक्षा हो रही है। दोनों कक्षाओं के करीब दस लाख छात्र हैं।

---

श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट को बनाया गया नोडल सेंटर, पढ़ाई ऑनलाइन होगी

# ट्विनसिटी के स्टूडेंट्स अब सीधे इसरो से कर सकेंगे पढ़ाई, आईआईआरएस देहरादून से चलाए जाने वाले सर्टिफिकेट कोर्स में हो सकेंगे शामिल

एजुकेशन हब के रूप में पूरे देश में पहचान बनाने वाले ट्विनसिटी के स्टूडेंट्स के लिए एक अच्छी खबर है। अब वे इसरो से पढ़ाई कर सकेंगे। इसके लिए इसरो ने दो दिन पहले घोषणा कर दी है। इससे ट्विनसिटी सहित पूरे छत्तीसगढ़ के स्टूडेंट्स को अब इसरो से सर्टिफिकेट कोर्स करने का मौका मिल सकेगा। जानकारी के मुताबिक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने छत्तीसगढ़ में अपना पहला नोडल सेंटर रायपुर में बनाया है। नोडल सेंटर के लिए श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (एसएसआईपीएमटी) रायपुर का चयन किया गया है।

**भिलाई।** जानकारी मुताबिक दो दिन पहले ही इसरो की ओर से इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की गई है। इस घोषणा के साथ ही इस सेंटर की औपचारिक शुरुआत हो चुकी है। अब इस नोडल सेंटर के जरिए स्टूडेंट्स इसरो और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (IIRS) देहरादून की ओर से चलाए जाने वाले ऑनलाइन कोर्स का लाभ ले सकेंगे। आईआईआरएस-इसरो आउटरीच कार्यक्रम का संचालन श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकॉम इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया जाएगा। इसके लिए संस्थान की डॉ. हेमलता सिन्हा को सेंटर कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। सेंटर में पढ़ाई पूरी तरह से ऑनलाइन मोड पर होगी। इसके लिए इसरो की ओर से इंटरेक्टिव मोड और ई-लर्निंग मोड में रिमोट सेंसिंग, भौगोलिक सूचना प्रणाली, नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम और इससे संबंधित टेक्नोलॉजी के सर्टिफिकेशन कोर्स शुरू होंगे। कोर्स से संबंधित कोई फीस नहीं ली जाएगी, ये पूरी तरह से फ्री होगा। सबसे खास बात यह है कि इसमें किसी भी स्ट्रीम के स्टूडेंट्स शामिल हो सकेंगे। साथ ही पूरे प्रदेश के किसी भी कॉलेज के स्टूडेंट्स इस कोर्स से जुड़ सकते हैं। खबर है कि इसरो का यह सेंटर पूरी तरह से ऑनलाइन मोड पर ही चलेगा। इसमें लाइव क्लासेस और रिकॉर्डेड क्लासेस दोनों के माध्यम से स्टूडेंट्स पढ़ सकते हैं।



### पूरी तरह से लाइव क्लासेस और रिकार्डेड क्लासेस से एजुकेशन

जानकारी के मुताबिक कोर्स में पूरी तरह से लाइव क्लासेस होंगी। कुछ जगहों पर रिकार्डेड क्लास के जरिए भी स्टूडेंट्स को पढ़ाया जाएगा। सेंटर की वर्किंग शुरू हो चुकी है। सेंटर वर्किंग फॉर्म में है। कोई भी स्टूडेंट्स सेंटर में पहुंचकर जानकारी ले सकता है। क्लासेस को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।सेंटर के ऑनलाइन कोर्सेस अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, रिसर्च स्कॉलर, वर्किंग प्रोफेशनल्स, टीचर्स सभी के लिए है। स्टूडेंट ऑनलाइन https:// elearning.iirs .gov.in/ लिंक के जरिए जुड़ सकते हैं। कोर्स से जुड़ी सारी जानकारी भी ले सकते हैं।

### अभ्यर्थी को पोर्टल में पंजीयन करना है, इसके बाद होगा चयन

टेक्निकल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने बताया कि स्टूडेंट्स को लिंक पर जाकर खुद को पोर्टल पर रजिस्टर करना होगा। यहां जिस कोर्स में खुद को एनरोल करना चाहते हैं, उसे सलेक्ट करेंगे। इसके बाद नोडल सेंटर अप्रूव करेगा और पार्टिसिपेंट्स कोर्स स्टार्ट करेंगे। इससे स्टूडेंट्स को फायदा होगा। स्टूडेंट्स को बिना फीस के रिमोट सेंसिंग, नेविगेशन, सैटेलाइट सिस्टम, पाइथन, मशीन लर्निंग और कई तरह के एडवांस कोर्स करने का मौका मिलेगा।

### कोर्स पूरा करने वाले स्टूडेंट्स को जारी करेगा सर्टिफिकेट

कोर्स पूरा होने के बाद इसरो की ओर स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इससे स्टूडेंट्स की प्रोफाइल जॉब के लिए और मजबूत होगी। साथ ही स्टूडेंट्स को पेड इंटर्नशिप के लिए चुना जाएगा। इस कोर्स से स्टूडेंट्स की करियर गाइडेंस मजबूत होगी। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बड़े-बड़े वैज्ञानिकों से संपर्क बढ़ेंगे। इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा। इसरो के अलावा आईआईटी, डीआरडीओ जैसी संस्थाओं के वैज्ञानिकों के रिसर्च, उनके अनुभवों को जानने का मौका मिलेगा।



---

## अपर्णा शैलेंद्र चौबे ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनीं, वरिष्ठजनों ने दिलाई शपथ

**दुर्ग।** ब्राह्मण समाज सामाजिक भवन लुचकी पारा में नवनियुक्त महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के महिला प्रकोष्ठ की नवनिर्वाचित अधिक अपर्णा शैलेंद्र चौबे को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उन्होंने अपनी कार्यकारिणी को भी घोषणा की। आयोजन में मुख्य अतिथि सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के संरक्षक राम विश्वाल शर्मा, अध्यक्ष कमलनारायण शर्मा, सचिव प्रदीप पंडित मौजूद थे। भगवान परसुराम के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अतिथियों के स्वागतोपरांत संरक्षक एवं अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित नव अध्यक्ष अपर्णा चौबे को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। सचिव शैल किरण शुक्ला को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके बाद अपर्णा चौबे ने अपने समस्त पदाधिकरियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

- लुचकी पारा स्थित सामाजिक भवन में आयोजित किया गया शपथ ग्रहण समारोह




नवनियुक्त अध्यक्ष अपर्णा चौबे ने समाज के वरिष्ठजनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नये कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने सामाजिक एकजुटता और सर्व हित में काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह मेरी पहली प्राथमिकता है। समाज के संरक्षक रामविशाल शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठ हितार्थ एवं कार्य समाज के हर वर्ग को संगठित रहकर समाज के प्रचार-प्रसार में योगदान देने की शपथ दिलाई।

रामविशाल शर्मा ने नारी शक्ति की महिमा बताते हुए सभी को अपनी शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष कमलनारायण शर्मा ने समाज के गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करने की घोषणा की। निवर्तमान अध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक सुमन पंडित ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियो की बधाई दी।

## आचार्य विद्यासागर के समाधि दिवस पर अष्टधातु की चरण पादुका का अभिषेक

**भिलाई।** नेहरू नगर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगलवार को आचार्य विद्यासागर के समाधि दिवस पर अष्टधातु के चरण कमल भक्तों ने मंगल अभिषेक किया। पूजन वंदना के साथ से नमोकार मंत्र का जाप किया। आचार्य विद्यासागर के प्रथम समाधि दिवस को सकल दिगंबर जैन समाज ने मनाया। समाधि दिवस व अजीतनाथ भगवान के तप कल्याणक पर नगर के सभी जिनालयों में विशेष पूजा अर्चना की गई। पार्श्वनाथ मंदिर में सकल समाज द्वारा धार्मिक कार्यक्रम हुए। नमोकार पाठ व 48 दीपकों के साथ भक्तामर आरती की गई। विनयांजलि सभा में समाज के लोगों ने अपने विचार रखे। महिला समिति ने वंदना की। उन्होंने बताया कि माघ शुक्ल नवमी को आचार्यश्री का समाधि दिवस मनाया गया। इस दौरान मंदिरों में वात्सल्य भोज का भी आयोजन किया गया।

- पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पूरे दिन चला कार्यक्रम, नमोकार मंत्र का भी जाप



---

कार्नर न्यूज

यूथ सिख सेवा समिति के माध्यम से शुरू किया छात्रवृत्ति देने का काम, कमेटी भी बनाई

## सिख समाज की अनोखी पहल, समाज के जरुरतमंद बच्चों को दे रहे पढ़ने के लिए स्कॉलरशिप, 5 बच्चों को दी छात्रवृत्ति

**भिलाई।** सिख समाज ने समाज के जरुरतमंद बच्चों को पढ़ाने के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने की अनोखी पहल शुरू की है। यूथ सिख सेवा समिति के माध्यम से ऐसे जरुरतमंद बच्चों का पहले चयन किया जा रहा है, इसके बाद फीस की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए समिति द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया है। फिलहाल 5 बच्चों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जा रही है। इस पुनित कार्य के लिए समिति ने सभी पांच छात्रों और उनके परिजनों को चेक सौंपा। समिति के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह छोटू ने बताया कि इसके लिए शहर के सभी गुरुद्वारों में फार्म उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जहां से प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के बाद छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।



### नेक कामों के लिए समिति का किया गया गठन

आयोजित कार्यक्रम में इंदरजीत सिंह ने कहा कि समिति का गठन नेक कार्यों के लिए ही किया गया है। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई जब से बनी है तब से नेक कार्य मैं अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। कार्यक्रम में यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, महासचिव जसवंत सिंह सैनी, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, उपाध्यक्ष हरनेक सिंह सैनी, सचिव विक्रम सिंह, सचिव इंदरजीत सिंह सैनी, सचिव हरपाल सिंग, खेल खुद समिति से हरजिन्दर सिंग, विवाह समिति से सर्वजीत कौर परमजीत कौर, कुलवंत कौर, सलविंदर कौर,रसपाल कौर आज के यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के कार्यक्रम मैं मौजूद थे।

### आवेदन फार्म समिति के कार्यालय में जमा करना आवश्यक, इसके बाद होगा सत्यापन

इंदरजीत सिंह ने बताया कि यूथ सिख सेवा समिति ने अपने 5 उद्देश्य तय कर रखे हैं। इसमें पहला उद्देश्य सिख समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवार बच्चों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना है। इसके तहत स्कूल में 5 बच्चों की फीस के लिए चेक प्रदान किया गया। सभी गुरुद्वारा साहिब में छात्रवृत्ति के फॉर्म उपलब्ध हैं। इस फार्म को भरकर समिति के ऑफिस में जमा कराना है, जिन लोगों ने फार्म जमा किए गए। यूथ सिख सेवा समिति के कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह ने एक टीम बनाई। सभी बच्चों के घर जाकर बारीकी से जांच की। इसके बाद पांच बच्चों का चयन किया गया।

### बच्चों और परिजनों को सौंपे गए चेक, पढ़ने के लिए मिली आर्थिक सहायता, अन्य को भी मौका

मंगलवार को यूथ सिख सेवा समिति के ऑफिस मैं बच्चों और उनके परिवार को बुलाकर चेक प्रदान किया गया। 5 बच्चों को चेक दिए गए। इसमें एमजीएम में पढ़ने वाले गगन दीप सिंह क्लास 4 को 19750 रुपए, गुरुनानक स्कूल की हरलीन कौर क्लास 9 और गुरलीन कौर क्लास 9 दोनों को 25000 रुपए, सुखप्रीत सिंह क्लास 5 को 16940 और जसप्रीत सिंह क्लास 4 को 9980 का चेक प्रदान किया गया। समिति सदस्यों ने कहा कि समिति का गठन समाज हित के लिए हुआ है। इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आगामी दिनों में और भी पढ़ने वाले जरुरतमंद बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

## सिटी इवेंट

# ऑल इंडिया प्रतियोगिता में खो-खो महिला टीम करेगी बेहतर प्रदर्शन



**भिलाई।** सत्र 2024-25 में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की खो-खो महिला टीम ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। जहां वे सभी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करेंगे। 22 से 25 फरवरी तक कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा में आयोजित ऑल इंडिया हैण्डबॉल महिला प्रतियोगिता में भाग लेने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की हैण्डबॉल महिला टीम रवाना हुई। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम के खिलाड़ियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित कराया गया था। खो-खो महिला टीम ईस्ट जोन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जिसके बाद अब ऑल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे है। टीम के सभी खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर एवं कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रेकसूट, ड्रेस व जूता प्रदान किया गया। इस अवसर पर खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव, डॉ. राजमणि पटेल, हिमांशु मण्डावी, राजेन्द्र चौहान एवं दिग्विजय साहु उपस्थित रहे। टीम के मैनेजर दिलीप इंगले सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग व कोच सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग है। जिनके मार्गदर्शन में टीम के खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। टीम में पायल पटेल शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, गीतिका शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, उमा साहू शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, दिव्यानी शासकीय महाविद्यालय भिलाई- 3, शारदा साहू शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग, पायल शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, कुसुम माझी शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, दिलेश्वरी शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई , भूमिका साहू शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, धारिणी शासकीय पीजी महाविद्यालय बालोद, गीतांजलि शासकीय कन्या महाविद्यालय बालोद, हिना शासकीय एल.सी.एस. महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी के खिलाड़ी शामिल है।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निंग कार्यशाला में होगा बौद्धिक क्षमता का विकास

# पायथन प्रोग्रामिंग, एआई मॉडल डेवलपमेंट, मशीन लर्निंग और एल्गोरिदम के नए टेक्निक्स सीखेंगे विद्यार्थी, 200 छात्र लेंगे प्रशिक्षण

भिलाई। विद्यार्थियों के बौद्धिक और तार्किक विकास को बढ़ावा देने और आधुनिक तकनीकों के अनुरूप बच्चों में कौशल का विकास करने के लिए केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें विद्यार्थी नई-नई तकनीकों को सीखकर अपनी बौद्धिक क्षमता का विकास कर सकेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों को पायथन प्रोग्रामिंग, एआई मॉडल डेवलपमेंट तथा मशीन लर्निंग एल्गोरिदम के नए टेक्निक्स यानी कंप्यूटर के लैग्वेज सिखाए जाएंगे। पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत मंगलवार को विद्यालय के प्राचार्य उमा शंकर मिश्र द्वारा किया गया। विद्यालय के शिक्षक डॉ अजय आर्य ने बताया कि पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में पीएमश्री योजना के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग विषय पर कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला एनआईईएलआईटी (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें विद्यार्थी को नवीनतम तकनीकों को सीखने का अवसर मिलेगा। इस कार्यशाला में 200 से अधिक छात्र हिस्सा ले रहे है जिन्हें सभी प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा दिये जायेंगे।



### प्रयोगात्मक सत्रों में सीखेंगे नए-नए कार्य

यह प्रशिक्षण सत्र 18 से 22 फरवरी तक विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया है। कार्यशाला का संचालन पीजीटी कंप्यूटर साइंस के संजीव भदौरिया के सहयोग से किया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को पायथन प्रोग्रामिंग, एआई मॉडल डेवलपमेंट तथा मशीन लर्निंग एल्गोरिदम के प्रयोगात्मक सत्रों के माध्यम से नए-नए कार्य सिखाए जाएंगे। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों के बौद्धिक और तार्किक विकास को बढ़ावा देना है, जिससे वे आधुनिक तकनीकों के अनुरूप अपने कौशल का विकास कर सकें। कार्यशाला में एनआईईएलआईटी के विशेषज्ञ डॉ भावना, डॉ पूनम, डॉ अंकिता बघेल, डॉ जुबैर, बिशी प्रकाश, संजय, सूरज साहू और दिग्विजय ठाकुर ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के व्यावहारिक अनुप्रयोगों से परिचित कराया।

**केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में छात्र सीख रहे हैं आधुनिक तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग पर पांच दिवसीय कार्यशाला**

### विद्यार्थियों में तार्किक और निर्णय लेने की योग्यता होगी विकसित

कार्यशाला के दौरान संजीव भदौरिया ने बताया कि शिक्षा का असली उद्देश्य सिर्फ जानकारी प्राप्त करना नहीं, बल्कि उसका सही अनुप्रयोग करना है। विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता विकसित करना बेहद आवश्यक है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें।विद्यालय परिवार ने इस कार्यशाला को विद्यार्थियों के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया और एनआईईएलआईटी के प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया।



### एआई मॉडल डेवलपमेंट, मशीन लर्निंग एल्गोरिदम के नए टेक्निक्स

संजीव भदौरिया ने बताया कि पायथन एक कंप्यूटर प्रोग्रामिंग भाषा है। इसका इस्तेमाल वेब एप्लिकेशन, सॉफ़्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा साइंस, और मशीन लर्निंग में किया जाता है। यह एक उच्च-स्तरीय, सामान्य-उद्देश्य वाली भाषा है. पायथन को सीखना और पढ़ना आसान है। एल्गोरिदम का मतलब कंप्यूटर विज्ञान में कंप्यूटर को किसी समस्या को हल करने के लिए दिए जाने वाला निर्देश होता है। साथ ही कार्यशाला के दौरान एआई मॉडल डेवलपमेंट, मशीन लर्निंग आदि की विस्तृत जानकारी बच्चों को दी जाएगी।

## एजुकेशन इवेंट

# छात्रों ने पैकेजिंग में आधुनिक तकनीकों का किया अवलोकन




**भिलाई।** क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी भिलाई के बी.टेक. छात्रों ने इंडट्रीयल एरिया हथखोज भिलाई स्थित ओम प्लास्टिक एवं पैकेजिंग उद्योग का एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के कार्यकारी उपाध्यक्ष फादर डॉ पी एस वर्गीस ने इस औद्योगिक भ्रमण के लिए छात्रों को शुभकामाएं देते हुए स्टॉर्टअप के लिए भी प्रेरित किया। यह औद्योगिक भ्रमण विशेष रूप से मेकैनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। इस औद्योगिक भ्रमण के दौरान छात्रों को उद्योगों की कार्यप्रणाली से अवगत कराकर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा का अनुभव प्रदान करने के लिए यह दौरा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर छात्रों को उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, मशीनरी, और तकनीकी उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों ने प्लास्टिक और पैकेजिंग क्षेत्र में उपयोग होने वाली आधुनिक तकनीकों और प्रक्रियाओं का भी अवलोकन किया। औद्योगिक क्षेत्र के विशेषज्ञों ने छात्रों को विभिन्न मशीनों के संचालन के बारे में समझाया और उनके सवालों का उत्तर भी दिया। इस दौरे ने छात्रों को अपनी तकनीकी शिक्षा को वास्तविक जीवन में लागू करने का अवसर प्रदान किया और उन्हें उद्योग में कार्य करने के वास्तविक अनुभव का अहसास दिलाया। विभागाध्यक्ष ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक दौरे छात्रों को अपने भविष्य के करियर के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार अपने कौशल में सुधार करने की प्रेरणा मिलती है।



## आयोजन की तैयारी

# तेलगा समाज का छत्तीसगढ़ स्तरीय सम्मेलन 13 अप्रैल को



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ तेलगा समाज द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक लोगो को जोड़ने और समाज को आगे बढ़ाने के लिए बैठक की गई। जिसमें रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव के सदस्य शामिल हुए और अपने विचार भी रखे। इस दौरान अध्यक्ष सीएच भीमाराव ने जानाकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ तेलगा समाज का राज्य स्तरीय सम्मेलन 13 अप्रैल को रायपुर में होगा। समाज के सह सचिव डी मोहन राव के सेक्टर 6 के निवास पर हुई एक अहम बैठक में में समाज के गठन के उद्देश्य और एकजुटता को लेकर विचार विमर्श हुआ, जिसमें दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ के लगभग पचास प्रतिनिधि शामिल हुए। भगवान श्रीराम की आराधना से शुरू हुई इस बैठक में तेलंगाना के तेलगा समाज को भी जोड़ने की कार्ययोजना बनाई गई। वर्तमान में पूरे प्रदेश में आंध्रप्रदेश के तकरीबन दस हजार तेलगा परिवार निवासरत हैं। बैठक में कुम्हारी के प्रतिनिधि बी गणपत राव ने समाज को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए धनराशि जुटाने, महिलाओं को स्वायत्त समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने तथा छोटे पैमाने पर व्यवसाय शुरू करने का सुझाव दिया। वहीं महिला प्रतिनिधियों डी वीणा, के उमा महेश्वरी, स्वराज्य लक्ष्मी, बुसी गंगा तथा जे श्यामला ने महिलाओं की एकजुटता, आत्मनिर्भरता, सशक्तीकरण, अंतरजातीय विवाह, धर्मांतरण, युवक-युवती परिचय सम्मेलन और युवा वर्ग के कल्याण को लेकर अपने विचार रखे।



इसी कड़ी में जहां डी मोहनराव, एस गणेश, विश्वेश्वर राव तथा डी राना ने धार्मिक आयोजनों के माध्यम से कला व संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता पर जोर दिया, वहीं जे नागभूषण राव, के वेंकटराव, जे सुरेश, जे हेमंत, डी अनंतराव तथा एस एन मूर्ति ने महिलाओं के स्वरोजगार, निर्धन बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए सहायता राशि जुटाने की बात कही। दूसरी ओर डी किरण, डी गोपी वेणी, सीएच नीतू, के तुलसी, डी बुच्चराजू एवं सीएच चंद्रशेखर ने पर्यावरण को बचाने के लिए घरों व सार्वजनिक क्षेत्रों में वृक्षारोपण करने का सुझाव दिया।

## बोलबम सेवा व कल्याण समिति का आयोजन

# बाबा की बारात में आने छत्तीसगढ़ डीजीपी को दिया न्यौता, हो रही तैयारी



**भिलाई।** महाकाल उज्जैन के तर्ज पर ट्विनसिटी से निकलने वाली बाबा की बारात 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरे जोश व उत्साह के साथ निकलेगी। जिसके लिए जोशर-शोर से तैयारियां की जा रही है। इसी कड़ी में बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के आयोजक दया सिंह ने छग डीजीपी को बाबा की बारात में शामिल होने कार्ड देकर न्यौता दिया। बाबा की बारात कार्यक्रम का आयोजन बोल बम सेवा व कल्याण समिति दवरा पिछले 17 वर्षो से किया जा रहा है। इस अवसर पर भिलाई आयोजक दया सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समेत छत्तीसगढ़ पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी शुक्ला और एएसपी को आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया है। इसके आलावा बाबा की बारात में राज्यपाल रमेन डेका, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और डिप्टी सीएम अरुण साव शामिल होंगे।

**आयोजन की तैयारी चल रही जोर-शोर से**

इस आयोजन को लेकर शहर और प्रदेशभर में काफी उत्साह का माहौल है। भिलाई में आयोजित होने वाली यह बारात सेंट्रल इंडिया की सबसे बड़ी बारात मानी जाती है। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा 17वें वर्ष आयोजित हो रही, इस बारात को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पुलिस प्रशासन के सहयोग से हर साल होने वाला यह आयोजन इस बार और भी भव्य होगा। इस बार बाबा की बारात 26 फरवरी को बड़े धूमधाम से निकली जाएगी।

## उपहार देकर किया सम्मानित

# जरुरतमंद लोगों को वितरित की सामग्री



**भिलाई।** श्री बांके बिहारी फाउंडेशन के द्वारा मंगलवार को दुर्ग स्थित ग्राम करहीडीह जाकर गरीब परिवारों को राशन सामग्री 5 किलो आटा, 1 किलो तेल, आधा किलो सोया बड़ी, कपड़े पुरुष वर्ग को लूंगी, गमछा, महिला वर्ग को साड़ी एवं सभी बड़े एवं बच्चों को स्वल्पाहार दिया गया। इसके साथ ही समिति ने वहां सभी को मनोरंजन गेम भी खिलाया और उन्हें आकर्षक उपहार भी दिया गया। वहां के बच्चों ने समिति सदस्यों लिए बहुत ही आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया जो कि बहुत ही आकर्षण का केंद्र रहा। समिति ने उन बच्चों को भी उपहार देकर सम्मानित किया।

## मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 8वां राज अधिवेशन

# समाज की जड़ों को सींच कर आने वाली पीढ़ी के लिए किया हरा-भरा, बुजुर्गों व छोटों का सम्मान कर बढ़ें आगे: सांसद

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धरसीवां राज का 8वां राज अधिवेशन समारोह स्व छबी राम वर्मा व स्व भगवती वर्मा की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद एवं अध्यक्ष छ ग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज विजय बघेल, केन्द्रीय अध्यक्ष कोनक राम कश्यप, धर्मेंद्र वर्मा राज्य मंत्री, अवधेश वर्मा, मनराखन लाल वर्मा, राजेश वर्मा, यशवंत वर्मा, आयोजक नीलमणि परगनिहा उपस्थित थे। इस दौरान समाज के प्रतिभावान और उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश का बंटवारा नहीं हुआ था, तब से मैं इस कार्यक्रम में आता रहा हूं। राजनीति क्षेत्र में हो या सामाजिक क्षेत्र में छोटे स्तर से समाज का काम करते हुए ये जानने समझने का मौका और बात करने का सलीका मिला कि कैसे समाज से इतना लाभ मिलता है।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

उन्होंने बताया कि जब कोई कहता हैं कि समाज से क्या मिलता है कई लोग ऐसे भी रहते हैं कि समाज को दुत्कारते है कुछ भी बोलते हैं, समाज को गुलाम समझते है लेकिन समाज का जो भाव प्रेम का है। जो अच्छा करते वे अच्छा पाते है और जो बुरा करते वे बुरा पाते है। सबको अपने अपने कर्मो का लेखा-जोखा यही मिलता है और यही पर पाता है। लोग अपनी ग़लती को न देख दूसरो पर गलती निकालते हैं। ये प्रथा बन गई है कई लोगों का ऐसा भाव बन गया है लेकिन आप अगर समाज देखे हमारा समाज सौ साल पहले बनाया गया। समाज को कैसे जोड़ें, समाज की जड़ों को सींच सींच कर इतना मजबूत कर दिए है कि आने वाली पीढ़ी के लिए हम समाज को हरा भरा कर दिए है।

### छोटे से बड़े सभी में रहे सम्मान का भाव

श्री बघेल ने कहा कि समय बदलता है तो जिम्मेदारी बदलती है लेकिन उद्देश्य एक ही रहता है हमारे पुरखों ने नींव बनाकर दिए है वो कैसे मजबूत हो, समाज के भाव को संयोजित करके हर वर्ग के लिए छोटे से छोटे बड़े से बड़े वर्ग का सम्मान करते हुए समाज आगे बढ़े ये भाव हमारे भीतर रहना चाहिए। उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि आज आज सभी मुझे इस रूप में खड़ा करें है कि मैं आपके जैसे नीचे बैठकर कर कुर्सी में सभा का कार्यक्रम देखता था, ये सौभाग्य देने वाले आप सभी है जो आपके द्वारा आपके चुने हुए ये मंच पर बैठने का सौभाग्य मुझे आप लोगो ने दिया है। आप का मान सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावन बच्चों व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालो को सम्मानित भी किया गया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज टूर्नामेंट के लिए छत्तीसगढ़ की महिला हॉकी टीम आन्ध्र रवाना



**रायपुर।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस महिला/पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 28 फरवरी काकीनाडा आंध्र प्रदेश में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में ऑल इंडिया से 44 टीम भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ की महिला हॉकी टीम में रश्मि संध्या एक्का, मोनिका वैरागड़े, भावना गुप्ता, हर्षा साहू, शाहिना परवीन, अंजुम रहमान,संजू साहू, सुमन यादव ,रीठा साहू, माया यादव, शारदा मंडावी, मंजू शर्मा, चंद्रावती मीरे, यामनीश शुक्ला,तुलसी साहू, चेतना ध्रुव और जगमोतीन दुग्गे शामिल है।

### ओपन रैपिड चेस चैंपियनशिप में दीपांशु रहे अव्वल



**रायपुर।** जिला शतरंज संघ गोंदिया एवं जी एच रायसोनी खेल एवं कल्चर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में गोंदिया महाराष्ट्र में 16 फरवरी को ओपन रैपिड चेस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

स्पर्धा में महासमुंद जिले के दीपांशु पटले ने अच्छे प्रदर्शन करते हुए 7 में से 5 पॉइंट बनाकर अंडर 15 आयु वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। दीपांशु की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ शतरंज संघ से विनोद राठी, हेमंत खुटे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे एवं केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी है।

### कूड़ो राज्य स्तरीय रेफरी सेमिनार में 120 शामिल हुए रैफरी बनने



**रायपुर।** कूड़ो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा प्रथम राज्य स्तरीय रेफरी सेमिनार का आयोजन 15 व 16 फरवरी क्रो मठपुरैना हाई स्कूल में रखा गया। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मुकेश पुरी गोस्वामी शहीद राजीव पाण्डेय अवार्डी व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी (प्रदेश महामंत्री आपक्स छत्तीसगढ़) थे। अध्यक्षता राजा कौशल ने की। विशेष अतिथि संतोष निर्मलकर, कमलेश राजपूत सचिव बिलासपुर, डॉ. गणेश मिश्रा और संजय निर्मलकर थे। प्रदेश से 120 प्रतिभागी रेफरशिप परीक्षा में शामिल हुए और रेफरी क्लिनिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य रेफरी व निर्णायक की परीक्षा उत्तीर्ण की।

### इंडियन ओपन पिकलबॉल टूर्नामेंट में आरिश ने जीता कांस्य



**रायपुर।** मुंबई में चल रही इंडियन ओपन पिकलबॉल टूर्नामेंट में अंडर 14 बालक डबल्स के मुक़ाबले में छत्तीसगढ़ के आरिश अगा चौबे और वर्शित की जोड़ी ने नेहन और कवीर मेहता की जोड़ी को 15-5 से पराजीत कर कांस्य पदक अपने नाम किया। अंडर 14 बालक एकल के मुक़ाबले में आरिश अगा चौबे ने मिहित धनेजा को 15-9 से पराजीत कर कांस्य पदक अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ पिक्लबॉल संघ के महासचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए कहा कि हाल ही में सम्पन्न सभी नेशनल एवं इंटर नेशनल टूर्नामेंट मे आरिश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल हासिल किये है. राज्य ओलम्पिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया एवं छ्ग पीकलबाल संघ के समस्त पदाधिकारीयों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे क्रिकेट जारी

# प्लेट ग्रुप में मुकाबले में उतरी छत्तीसगढ़ की 14 टीमें, पहले दिन रायपुर, नारायणपुर, बस्तर और दुर्ग ने दर्ज की शानदार जीत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। 17-19 फरवरी श्रृंखला में पहले दिन 6 मैच खेले गये।

### सरगुजा के विरुद्ध जशपुर 477 रनों से पीछे

ग्रुप ए का तीसरा तीन दिवसीय मैच जशपुर एवं सरगुजा के मध्य कल्याण कॉलेज मैदान, भिलाई में खेला गया। जशपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। सरगुजा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 130.1 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 639 रन बनाये हैं। सरगुजा की ओर से हरविंदर सिंह ने शानदार 320 रन तथा हर्ष दुबे ने नाबाद 109 रनों का योगदान दिया। दूसरे दिन की समाप्ति तक जशपुर ने अपनी पहली पारी में 44 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 162 रन बना लिये है। जशपुर की ओर से सुयश वस्त्राकर ने 89 रन नाबाद तथा प्रभात आनंद ने 41 रन नाबाद बनाये। दूसरे दिन की समाप्ति तक जशपुर 477 रनों से पीछे है।



### कवर्धा के विरुद्ध नारायणपुर की 80 रनों से जीत

ग्रुप सी का पांचवा तीन दिवसीय मैच नारायणपुर एवं कवर्धा के मध्य सिविक सेंटर भिलाई के मैदान में खेला गया। नारायणपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। नारायणपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 74.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 432 रन बनाये। नारायणपुर की ओर से चेतन श्रीवास ने सर्वाधिक 214 रन तथा यश कुमार वर्दा ने 100 रन बनाये। वहीं कवर्धा की ओर से विकास यादव ने 4 विकेट, देव कुमार साहू एवं राहुल कुमार सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। कवर्धा ने अपनी पहली पारी 39 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाये। कवर्धा की ओर से सूर्यकांत तिवारी ने नाबाद 85 रन तथा नकुल धाकरे ने 52 रन बनाये। नारायणपुर की ओर से शाश्वत यादव ने 5 विकेट तथा अल्तमश ने 3 विकेट प्राप्त किये। फॉलोऑन खेलने उतरी कवर्धा ने अपनी दूसरी पारी में 37 ओवरों में 10 विकेट खोकर 171 रन ही बना पायी। कवर्धा की ओर से सुगत लहरे ने 44 रन तथा विकास यादव ने 33 रन बनाये। वहीं नारायणपुर की ओर से तन्मय वर्दा ने 3 विकेट, अल्तमस, जयराम तथा राहुल जैन ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। नारायणपुर ने मैच एक पारी तथा 80 रनों से जीत लिया।

### कोरिया के विरुद्ध रायपुर ब्लू की 76 रनों से जीत

ग्रुप सी का छठवां तीन दिवसीय मैच कोरिया एवं रायपुर ब्लू के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। कोरिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 108.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 427 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से गगनदीप सिंह ने 131 रन, अवनीश सिंह धालीवाल ने 96 रन तथा किवनूर सिंह छाबड़ा ने 67 रन बनाये। वहीं कोरिया की ओर से हरविंदर सिंह रैना ने 3 विकेट तथा घनश्याम केवट ने 2 विकेट प्राप्त किये। कोरिया ने अपनी पहली पारी में 28.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 95 रन ही बनाये। कोरिया की ओर से घनश्याम केवट ने 27 रन तथा अमित कुमार यादव ने 24 रनों का योगदान दिया। रायपुर ब्लू की ओर से गौरव चतुर्वेदी ने 4 विकेट तथा मों. सुहैल ने 3 विकेट प्राप्त किये। फॉलोऑन खेलने उतरी कोरिया अपनी दूसरी पारी में 46.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 256 रन ही बनाये। कोरिया की ओर से हरविंदर सिंह रैना ने 52 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से गौरव चर्तुवेदी ने 3 विकेट तथा गगनदीप सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने मैच एक पारी तथा 76 रनों से जीत लिया है।

### कांकेर के विरुद्ध बस्तर की 32 रनों से जीत

ग्रुप बी का पहला तीन दिवसीय मैच बस्तर एवं कांकेर के मध्य धमतरी में खेला गया। बस्तर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बस्तर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 59.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 213 रन बनाये। बस्तर की ओर से अब्दुल अनस खान ने सर्वाधिक 109 रन तथा सौरभ मजुमदार ने 22 रन बनाये। वहीं कांकेर की ओर से विवेक कुमार ने 5 विकेट तथा टी अद्रवित ने 4 विकेट प्राप्त किये। कांकेर अपनी पहली पारी में 18.2 ओवरों में 50 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। कांकेर की ओर से ए के नरेती ने सर्वाधिक 13 रन बनाये। वहीं बस्तर की ओर से सौरभ मजुमदार ने 5 विकेट तथा पलाश मंडल ने 3 विकेट प्राप्त किये। फॉलोऑन खेलते हुये कांकेर ने अपनी दूसरी पारी में 33.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 131 रन ही बनाये। कांकेर की ओर से शशांक नेताम ने 44 रन तथा तौकीर ने 41 रनों का योगदान दिया। बस्तर की ओर से सौरभ मजूमदार तथा अनस खान ने 4-4 विकेट प्राप्त किये। बस्तर ने मैच एक पारी तथा 32 रनों से जीत लिया।



हरविंदर सिंह ने बनाए शानदार 302 रन

### राजनांदगांव के विरुद्ध दंतेवाड़ा 212 रनों से पीछे

ग्रुप बी का दुसरा तीन दिवसीय मैच राजनांदगांव एवं दंतेवाड़ा के मध्य कांकेर में खेला गया। राजनांदगांव ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। दंतेवाड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 48.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 129 रन बनाये। दंतेवाड़ा की ओर से अनीश नागेश ने सर्वाधिक 48 रन तथा तौफिक अहमद ने 30 रन बनाये। वहीं राजनांदगांव की ओर से रोहन टांक ने 6 विकेट तथा विवेक बोरकर ने 2 विकेट प्राप्त किये। राजनांदगांव ने अपनी पहली पारी में 83.5 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 413 रन बनाये तथा पारी घोषित कर दी। राजनांदगांव की ओर से गौरव मिश्रा ने 155 रन यश ठाकुर ने 149 रन तथा देवराज साहू ने 86 रन बनाये। दंतेवाड़ा ने अपनी दूसरी पारी में 43 ओवरों में 6 विकेट खोकर 72 रन बना लिये है। दंतेवाड़ा की ओर से सक्षम शर्मा ने 30 रन नाबाद बनाये। वहीं राजनांदगांव की ओर से अरीन द्विवेदी ने 3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक दंतेवाड़ा 212 रनों से पीछे है।

### धमतरी के विरुद्ध दुर्ग की 9 विकेट से जीत

ग्रुप डी का पहला तीन दिवसीय मैच दुर्ग एवं धमतरी के मध्य दल्ली राजहरा में खेला गया। दुर्ग ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।धमतरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 46.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाये। धमतरी की ओर से युवराज साहू ने सर्वाधिक 49 रन तथा विवेक चंदन ने 29 रन बनाये। वहीं दुर्ग की ओर से अमन साहू ने 5 विकेट तथा विजय यादव ने 3 विकेट प्राप्त किये। दुर्ग ने अपनी पहली पारी में 48.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाये। दुर्ग की ओर से विजय यादव ने 60 रन, सिद्धार्थ सिंह ने 41 रन तथा अर्पित श्रीवास्तव ने 28 रनों का योगदान दिया। वहीं धमतरी की ओर से शशांक तिवारी ने 5 विकेट तथा युवराज साहु ने 3 विकेट प्राप्त किये। धमतरी ने अपनी दूसरी पारी में 31.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 95 रन बनाये। धमतरी की ओर से शशांक तिवारी ने सर्वाधिक 41 रन बनाये। दुर्ग की ओर से विजय यादव तथा जितेश वर्मा ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। 53 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुर्ग ने 6.4 ओवरों में 56 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया। दुर्ग के लिये सिद्धार्थ सिंह ने 29 रन बनाये। दुर्ग ने 9 विकेट से मैच जीत लिया।

-

## रोटी बनेगी एकदम सॉफ्ट, अगर अपनाएंगे ये टिप्स

रोटी को सॉफ्ट रखने के टिप्स और ट्रिक्स क्या आपको पता है? अगर नहीं पता, तो हमारा यह लेख आपको कुकिंग प्रो बनाने में मदद करेंगे। रोटी बढ़िया तरीके से फूलेगी भी और लंबे समय तक सॉफ्ट रहेगी।

आटे को गूंथना मुश्किल नहीं है, लेकिन अगर उससे रोटी कड़क हो रही है तो हो सकता है आप ठीक से आटा नहीं गूंथ रहे हैं। वहीं, ऐसी कई सारी चीजें होती हैं जो आटे को सॉफ्ट बनाते हैं। इससे रोटी भी मुलायम बनती है। कुछ लोग आटा गूंथते वक्त आटे में गुनगुना दूध डालते हैं। कुछ बेकिंग सोडा या दही डालकर आटे को सॉफ्ट बनाते हैं। क्या आपने कभी आटे में इन सीक्रेट इंग्रीडिएंट्स को डालकर देखा है?

अगर नहीं, तो हम आज आपको एक अन्य सीक्रेट इंग्रीडिएंट के बारे में बताएंगे, जो आपकी रोटी को सॉफ्ट भी बनाएगा और लंबे समय तक फ्रेश रखेगा। साथ ही, इस लेख में रोटियों को अच्छे से पैक करने के हैक्स भी जानें।

### रोटी कड़क क्यों हो जाती है?

अगर आटे में पानी की मात्रा सही नहीं होगी, तो रोटी सूख सकती है। बहुत टाइट या बहुत ढीला आटा भी रोटी की सॉफ्टनेस को प्रभावित करता है। बहुत ज्यादा गरम तवे पर रोटी जल सकती है, जबकि ठंडे तवे पर यह अच्छी तरह फूलेगी नहीं। इतना ही नहीं, अगर आप रोटी को ढककर नहीं रखते हैं, तो भी यह जल्दी हार्ड हो सकती है।



### मैदे से कैसे सॉफ्ट होगी रोटी?

मैदा डालकर रोटी को और भी ज्यादा नरम बनाया जा सकता है। इसके लिए आपको सिर्फ एक चम्मच मैदा आटे में मिलाना है। इससे रोटी का टेक्सचर सॉफ्ट हो जाता है और यह जल्दी सूखती नहीं

इसके लिए आटा गूंथने से पहले उसमें थोड़ा-सा मैदा डालें। अगर आपने 2 कप गेहूं के आटा लिया है, तो उसमें 1 चम्मच मैदा और थोड़ा गुनगुना दूध डालें। आटे को ठंडे पानी से गूंथने की जगह हल्के गुनगुने पानी से आटा तैयार करें और इसे कम से कम 20 मिनट ढककर रखें।

## फाल्गुन माह में करें गीता के श्लोक का जाप, मिल सकते हैं अनेक लाभ

इन दिनों फाल्गुन माह चल रहा है और इस माह में भगवान शिव, भगवान विष्णु और राधा-कृष्ण की पूजा का विशेष विधान है। मान्यता है कि फाल्गुन माह में कोई भी किया गया धार्मिक कार्य 100 गुना होकर वापस मिलता है। ज्योतिषाचार्य पं. विजयकांत भट्ट बताते हैं कि फाल्गुन माह में भगवद गीता के एक श्लोक का निरंतर रोजाना जाप करने से कई लाभ प्राप्त होते हैं। भगवद गीता में एक श्लोक वर्णित है- 'अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाह परयुपासते।' इस श्लोक का अर्थ हैः जो लोग मुझे केवल अपने हृदय में सोचते हैं और मेरी पूजा करते हैं, मैं उन्हें सभी परेशानियों से मुक्त करता हूं।इस श्लोक में भक्ति योग का अद्भुत संदेश है। इसमें भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि जो भक्त बिना किसी भेदभाव के केवल उनका ध्यान करते हैं, भगवान उन्हें अपनी कृपा से हर मुश्किल से उबार ही लाते हैं। फाल्गुन माह में रोजाना इस श्लोक का जाप करने से भगवान श्री कृष्ण की विशेष कृपा होती है।





## बच्चों के लिए बेहद जरूरी है बैड टच और गुड टच के बारे जानना

बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध के कारण बच्चों को सुरक्षा सिखाना जरूरी है। जो बच्चे गुड टच और बैड टच के बीच अंतर करने में सक्षम हैं, वे अपने माता-पिता को उनके साथ अनुभव किए जा रहे किसी भी गलत व्यवहार के बारे में बता सकते हैं।

आधुनिक माता-पिता अपने बच्चों के साथ असहज विषयों पर चर्चा करने से नहीं कतराते, क्योंकि वे जानते हैं कि छोटे बच्चों को सही ज्ञान देना महत्वपूर्ण है ताकि उन्हें नुकसान से सुरक्षित रखने में मदद मिल सके। बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध के कारण बच्चों को सुरक्षा सिखाना जरूरी है। जो बच्चे गुड टच और बैड टच के बीच अंतर करने में सक्षम हैं, वे अपने माता-पिता को उनके साथ अनुभव किए जा रहे किसी भी गलत व्यवहार के बारे में बता सकते हैं। आज की इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप अपने बच्चों को गुड टच और बैड के बारे में कैसे समझा सकते हैं और उन्हें सुरक्षित रहने में मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं।

### क्या है गुड टच?



किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी शारीरिक संपर्क जो सहमति से होता है और प्यार और देखभाल की तरह लगता है। वह गुड टच यानी कि अच्छा स्पर्श है। सिर या पीठ पर थपकी, गले लगाना जो मजबूरी या दबाव महसूस न कराए, अच्छा स्पर्श है। इस तरह का टच बच्चे को सुरक्षित महसूस कराता है।

### क्या है बैड टच?

कोई भी शारीरिक संपर्क जो सहमति के बिना होता है बुरा स्पर्श यानी कि बैड टच कहलाता है। यह सुरक्षित महसूस नहीं कराता है और शारीरिक दर्द भी पैदा कर सकता है। यह बच्चे को असहज महसूस कराने लगता है। निजी शरीर के अंगों को दबाना या छूना या असहज रूप से करीब होना बुरा स्पर्श कहलाता है।

### बच्चों को गुड और बैड टच में कैसे बताएं अंतर?

बच्चे मासूम होते हैं और उन्हें अपने बड़ों के निर्देशों का पालन करना सिखाया जाता है। वे उचित और अनुचित स्पर्श के बीच अंतर नहीं कर सकते हैं और दूसरों द्वारा आसानी से धोखा भी खा सकते हैं। बच्चों को कम उम्र से ही यह सिखाना जरूरी है कि हर किसी की एक शारीरिक सीमा होती है, जिसे बिना सहमति के पार नहीं किया जाना चाहिए। उन्हें यह जानने की जरूरत है कि उनकी मां या कुछ खास देखभाल करने वालों के अलावा किसी को भी उनके निजी अंगों को देखने या छूने की अनुमति नहीं है।

जब बच्चों को यह जानकारी दी जाती है, तो वे समझ जाते हैं कि कोई उनके साथ छेड़छाड़ या दुर्व्यवहार करने की कोशिश कर रहा है। वे गलत व्यवहार को पहचान लेंगे और अपने माता-पिता को इसकी सूचना देंगे। लेकिन अगर उन्हें इसके बारे में नहीं सिखाया जाता है, तो उन्हें धोखा देकर अधीनता में लाया जा सकता है।



कार्नर न्यूज

## कीगल एक्सरसाइज से शरीर की अंदरुनी समस्याएं भी होती हैं दूर

# कीगल एक्सरसाइज इन दिनों ट्रेंड में, पुरुषों और महिलाओं की सेहत के लिए है फायदेमंद

मेल हो या फीमेल, हर किसी को स्वस्थ रहने के लिए एक्सरसाइज की सलाह दी जाती है। एक्सरसाइज ना सिर्फ हमारे शरीर को मजबूती प्रदान करते हैं बल्कि कई तरह की अंदरूनी समस्यों का निवारण भी करते हैं। इन्हीं में से एक है कीगल एक्सरसाइज।

कीगल एक्सरसाइज एक सरल लेकिन प्रभावी एक्सरसाइज है जो पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए की जाती है। इन मांसपेशियों का मुख्य काम मूत्राशय, गर्भाशय और आंतों को सहारा देना होता है। कीगल एक्सरसाइज को नियमित रूप से करने से मूत्राशय नियंत्रण, पेल्विक स्वास्थ्य, और यौन जीवन में सुधार हो सकता है। चाहे आप महिला हों या पुरुष, यह एक्सरसाइज आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। इसे करना आसान है और आप इसे कहीं भी, किसी भी समय कर सकते हैं।



### कीगल एक्सरसाइज क्या है?

कीगल एक्सरसाइज पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए की जाती हैं, जो मूत्राशय, गर्भाशय और मलाशय का समर्थन करती हैं। यह एक्सरसाइज पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को कसने और ढीला करने की प्रक्रिया पर आधारित है।

### कीगल एक्सरसाइज क्या काम करती है?

कीगल एक्सरसाइज से पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, जिससे मूत्राशय की समस्याएं, पेल्विक ऑर्गन प्रोलैप्स और यौन समस्याओं में सुधार हो सकता है।

### किसे कीगल एक्सरसाइज करनी चाहिए?

कीगल एक्सरसाइज महिला और पुरुष दोनों कर सकते हैं। यह एक्सरसाइज वैसी महिलाओं को करनी चाहिए जिनकी डिलीवरी हुई हो या जिनमें मेनोपॉज के लक्षण हों। वहीं, पुरुषों की बात करें तो मूत्राशय की समस्याओं या यौन समस्याओं से जूझ रहे पुरुषों को कीगल एक्सरसाइज करनी चाहिए। इसका काफी लाभ मिलता है।

### प्रेग्नेंसी के दौरान कीगल एक्सरसाइज

प्रेग्नेंसी के दौरान कीगल एक्सरसाइज पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को मजबूत करती हैं, जो डिलीवरी और पोस्टनैटल रिकवरी में मदद कर सकती हैं।

### पेल्विक फ्लोर की मसल्स को कैसे पहचानें?

मूत्र प्रवाह को रोकें मूत्र करते समय प्रयास करें कि प्रवाह को रोक सकें। जिस मांसपेशी का इस्तेमाल आप कर रहे हैं, वही पेल्विक फ्लोर की मांसपेशी है।

### मांसपेशी की संकुचन को महसूस करें

उंगली को योनि या मलद्वार में डालें और मांसपेशी को कसें। आपको संकुचन महसूस होना चाहिए।

### कीगल एक्सरसाइज कैसे करें?


वैसे तो कीगल एक्सरसाइज तीन तरह- बैठकर, खड़े होकर या लेटे हुए भी कर सकते हैं। लेकिन आपको जो आरामदायक लगे उसे ही करें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## निर्देशन में उतरेंगी 'टाइटेनिक' फेम केट विंसलेट, जल्द शुरू होगी 'गुडबाय जून'

'टाइटैनिक' फेम अभिनेत्री केट विंसलेट अभिनय में दमखम दिखाने के बाद निर्देशन के क्षेत्र में पदार्पण करने वाली हैं। हॉलीवुड रिपोर्टर के




अनुसार, केट नेटफ्लिक्स के लिए 'गुडबाय जून' नामक फीचर फिल्म का निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। ऑस्कर विजेता अभिनेत्री इस फिल्म में अभिनय भी करेंगी और इसका निर्माण भी वही कर रही हैं।

इस फिल्म में टोनी कोलेट, जॉनी फ्लिन, एंड्रिया राइजबोरो, टिमोथी स्पाल और हेलेन मिरेन मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म की पटकथा विंसलेट के पूर्व पति सैम मेंडेस के बेटे जो एंडर्स ने लिखी है। केट सोलोमन विंसलेट के साथ मिलकर इसका निर्माण करेंगी। नेटफ्लिक्स ने 'गुडबाय जून' को एक दिल को छू लेने वाला और हास्यास्पद बताया है। ₹इसमें भाई-बहनों का एक टूटा हुआ समूह अचानक और कठिन परिस्थितियों में एक साथ आता है।₹ यह फिल्म जल्द ही यूके में फ्लोर पर आएगी। विंसलेट ने हाल ही में एचबीओ की सीरीज 'द रेजीम' में अभिनय किया, जिसके लिए उन्हें 'गोल्डन ग्लोब' नामांकन भी मिला, जिससे उन्हें एक ही समारोह में कई भूमिकाओं के लिए नामांकित होने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने 2009 में 'द रीडर' में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का ऑस्कर भी जीता है। केट विंसलेट की कुछ शानदार फिल्में हैं, जिसे आप देख सकते हैं। जिसमें 'इटरनल सनशाइन ऑफ द स्पॉटलेस माइंड', 'द रीडर', 'सेंस एंड सेंसिबिलिटी', 'रिवोल्यूशनरी रोड', 'लिटल चिल्ड्रेन', 'द हॉलीडे' शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## दर्शन के जन्मदिन पर जारी हुआ 'द डेविल' का टीजर, एक्शन अवतार दिखे अभिनेता

अभिनेता दर्शन थुगुदीपा अपने प्रशंसकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। हत्या के आरोप के बावजूद अभिनेता के पास तगड़ी फैन फॉलोइंग है। अभिनेता के 48 वें जन्मदिन को यादगार बनाने उनकी अगली फिल्म 'द डेविल' का बहुप्रतीक्षित टीजर जारी निर्माताओं ने जारी कर दिया है।




1 मिनट और 4 सेकंड के टीजर में दर्शन को एक क्रूर गैंगस्टर के रूप में बिल्कुल भयावह रूप में दिखाया गया है। अभिनेता एक क्लब में दिखाई देते हैं, जब विरोधी उनके साथ दुश्मनी मोल लेते हैं। टीजर में जबरदस्त एक्शन सीन्स भी दिखाए गए हैं। वीडियो में दर्शन का भी खास अंदाज देखने को मिला है। 'द डेविल' का निर्देशन प्रकाश वीर ने किया है और जे जयम्मा ने श्री जयमाता कम्बाइन्स के बैनर तले इस प्रोजेक्ट को निर्मित किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में रचना राय के अलावा महेश मांजरेकर, जीशु सेनगुप्ता, मुकेश ऋषि और कई अन्य कलाकार भी हैं। सुधाकर एस राज ने फिल्म के लिए कैमरा संभाला है, जबकि बी. अजनीश लोकनाथ ने इस प्रोजेक्ट के लिए संगीत तैयार किया है। कानूनी परेशानियों के कारण थोड़े समय के अंतराल के बाद 'द डेविल' से दर्शन थुगुदीपा सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं। अभिनेता को पिछले साल जून में फार्मासिस्ट रेणुकास्वामी की कथित हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दिसंबर में उन्हें कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चिकित्सा आधार पर जमानत दे दी थी। दर्शन की गिरफ्तारी के कारण फिल्म की शूटिंग रोक दी गई थी, हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार उनकी जमानत के बाद फिल्म पर काम फिर से शुरू हो गया है। इस महीने की शुरुआत में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने अपने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के साथ-साथ अपने भविष्य के प्रोजेक्ट्स के बारे में भी बताया था। उन्होंने अपने प्रशंसकों को उनके अटूट प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और बताया कि यह उनका प्यार ही है, जिसने उन्हें आगे बढ़ने में मदद की है।

### भोजपुरी

## बिन माई की बेटी ने सहा सितम, रानी की 'जय संतोषी मां' का ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस रानी चटर्जी, स्मृति सिन्हा और एक्टर जय यादव की फिल्म 'जय संतोषी मां' का फर्स्ट लुक और ट्रेलर लॉन्च कर दिया गया है। जी बायस्कोप इस फिल्म का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर जल्द ही किया जाएगा। यह फिल्म रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट और प्राइड ऑफ एशिया फिल्म्स



के बैनर तले बनी है, जिसके निर्माता निशांत उज्जवल और धर्मेंद्र के मेहरा हैं। फिल्म के निर्देशक रवि सिन्हा ने इस पौराणिक और भक्ति से ओत-प्रोत फिल्म को एक भव्य प्रस्तुति देने की पूरी कोशिश की है।

फिल्म का ट्रेलर यशी फिल्म्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया, जिसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। ट्रेलर में मां संतोषी की भक्ति, श्रद्धा और उनके चमत्कारी प्रभाव को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से दिखाया गया है। रानी चटर्जी और जय यादव की जोड़ी स्क्रीन पर दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। साथ ही, स्मृति सिन्हा ने भी अपनी विशेष भूमिका में जान डाल दी है। निशांत उज्जवल ने कहा, 'फिल्म जय संतोषी मां मेरे लिए सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक आस्था और भक्ति से जुड़ी यात्रा है। हमने इसे पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ बनाया है। ताकि दर्शकों तक मां संतोषी की महिमा और उनकी कृपा का संदेश पहुंचे। इस फिल्म में भक्ति, संगीत, और मनोरंजन का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जो निश्चित रूप से दर्शकों को प्रभावित करेगा।'

### वेनेजुएला की बहार

"वेनेजुएला ने छह मिस यूनिवर्स का खिताब अपने नाम किया है, जो फैशन और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के साथ देश के गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। ये उपलब्धियाँ वेनेजुएला के पारंपरिक कपड़ों में छिपी एक गहरी कहानी बयां करती हैं। यहां की समृद्ध विरासत 3 करोड़ से ज़्यादा लोगों के देश का प्रतिनिधित्व करती है। वेनेजुएला के पारंपरिक कपड़े देश की सांस्कृतिक विविधता के सबूत के तौर पर काम करते हैं।



लाइफ स्टाइल

## ग्लोइंग स्किन पाने ले रही हैं विटामिन ई का कैप्सूल, इन बातों का रखें खास ध्यान

खूबसूरत त्वचा पाने के लिए महिलाएं कई उपाय करती हैं और इन उपायों में विटामिन ई का कैप्सूल भी है। विटामिन ई का कैप्सूल में कई सारे गुण होते हैं और साथ ही इसका सही तरह से इस्तेमाल करने से स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होती हैं।

### फेस पर न करें डायरेक्ट इस्तेमाल

जहां विटामिन ई कैप्सूल कई सारे गुणों से भरपूर हैं और ये सभी गुण चेहरे के लिए फायदेमंद है तो वहीं अगर आप इसे डायरेक्ट फेस पर अप्लाई करती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है। इसी के साथ स्किन जुड़ी समस्या भी पैदा हो सकती है।

### मात्रा का रखें खास ध्यान

कई बार ऐसा होता है जब आपकी अधिक मात्रा में इस्तेमाल करती हैं। लेकिन, ऐसा करने से भी स्किन को नुकसान हो सकता है। इसका अधिक इस्तेमाल करने से जहां त्वचा की रोनक कम हो सकती हैं तो साथ ही स्किन से जुड़ी समस्य भी शुरू हो सकती है।

### धूप में जाने से बचें

विटामिन ई कैप्सूल का पूरा फायदा आपकी स्किन को मिले इसके लिए आप लगाने के दौरान धूप में जाने से बचें। अगर आप इस प्लाई करने के बाद धूप में जाती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है।



### एक्सपर्ट की टिप्स को करें फॉलो

विटामिन ई कैप्सूल हर किसी की स्किन पर सूट नहीं करता है । इसलिए स्किन पर इस्तेमाल करने से पहले आप एक्सपर्ट की सलाह लें साथ ही, पैच टेस्ट भी करें।

### इस बात का रखें खास ध्यान

अगर आपकी स्किन पर मुंहासे या एक्ने हैं तो आप विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल न करें। अगर आप इसे स्किन पर अप्लाई करती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है।

## बाहर जाना है तो न्यू लुक के लिए वियर करें को-ऑर्ड




फैशन की इस दुनिया हर दिन एक नया तरह का आउटफिट लॉन्च होता हैं और इन सबके बीच कुछ ऐसे आउटफिट होते हैं जिन्हें महिलाएं न्यू लुक पाने के लिए वियर करना पसंद करती हैं। वहीं इन दिनों को-ऑर्ड सेट काफी ट्रेंड में है और कई सारे खास मौकों पर महिलाएं इन्हें स्टाइल करना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप किसी पार्टी या कहीं घूमने जा रही हैं और इस दौरान न्यू लुक चाहती है तो आप ये को-ऑर्ड वियर कर सकती हैं।



### डेनिम को-ऑर्ड

इस तरह का डेनिम सेट पार्टी या आउटिंग दोनों ही मौकों पर वियर करने के लिए बेस्ट है। इस तरह के डेनिम को-ऑर्ड जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इस डेनिम को-ऑर्ड में अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप चेन नेकलेस वियर कर सकती हैं साथ ही, हाथों में ब्रेसलेट और फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं। इस तरह का आउटफिट आपको 700 से 1,000 रुपये की कीमत में मिल सकता है।

### रैप को-ऑर्ड सेट

अगर आप लाइट कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह के रैप डिजाइन वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह का को-ऑर्ड सेट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसमें आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। इस को-ऑर्ड सेट में अपने लुक कम्पलीट करने के लिए आप लॉन्ग इयररिंगस साथ ही फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं। इस को-ऑर्ड सेट को आप 1,000 से 1,500 रुपये में कई सारे पैटर्न में खरीद सकती हैं। न्यू लुक के लिए इस तरह के प्रिंट डिजाइन वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं और इस को-ऑर्ड सेट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

### स्लीवलेस को-ऑर्ड

घूमने के दौरान आप इस तरह के को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं और इस को-ऑर्ड सेट में आपका लुक बेहद ही अलग नजर आएगा साथ ही आप कंफर्टेबल भी रहेगी। इस को-ऑर्ड सेट में अपना लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप स्नीकर्स साथ ही फ्लैट्स पहन सकती हैं।

## शेयर करती हैं मेकअप तो पहले जान लें इसके बड़े नुकसान

चाहे वह लिपस्टिक हो, काजल हो या हो मेकअप ब्रश, इन सभी चीजों को शेयर करने से बैक्टीरिया और वायरस आसानी से फैल सकते हैं। आइए जानते हैं मेकअप शेयर करने से होने वाले बड़े नुकसानों के बारे में।

कई बार लड़कियां अपनी सहेलियों के साथ मेकअप प्रोडक्ट्स शेयर भी कर लेती हैं, जोकि बिल्कुल नहीं करना चाहिए। ये आदत आपको कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स और इन्फेक्शन का शिकार बना सकती है।

### ब्रश इस्तेमाल करने से स्किन इंफेक्शन का खतरा

जब आप दूसरों के साथ मेकअप ब्रश शेयर करती हैं, तो बैक्टीरिया और फंगल इंफेक्शन फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसकी वजह से कई बार किसी और के मेकअप प्रोडक्ट्स में मौजूद बैक्टीरिया आपकी त्वचा में पिंपल्स, रैशेज और एलर्जी पैदा कर सकते हैं। खासतौर पर ये दिक्कत तब आती है, जब आप किसी और के इस्तेमाल किए हुए ब्रश इस्तेमाल करती हैं। आई मेकअप शेयर करने से होता है ये खतरा



कभी भी आई मेकअप तो गलती से भी शेयर नहीं करना चाहिए। मस्कारा, आईलाइनर और काजल जैसे प्रोडक्ट्स में बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। इन्हें शेयर करने से कंजक्टिवाइटिस का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जब आई मेकअप खुद भी इस्तेमाल करें तो पहले ब्रश को अच्छी तरह से साफ अवश्य कर लें।

### लिपस्टिक शेयर करने के नुकसान

वैसे तो लिपस्टिक हर लड़की के बैग में रखी रहती है, लेकिन कई बार जब किसी और का शेड पसंद आता है तो हम उसे मांग के ला लेते हैं।

## बदलते मौसम में तेजी से झड़ने लगे हैं बाल तो इस्तेमाल करें ये घरेलू नुस्खे

फरवरी का महीना चल रहा है, ऐसे में बदलते मौसम में अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। जहां अभी तक लोगों की हालत ठंड से बेहाल थी, वहीं अब गर्मी से लोग परेशान होने लगे हैं। दिन के समय तो तेज धूप भी आने लगी है, जिस वजह से लोग काफी परेशान हैं। इस मौसम का असर सीधा-सीधा लोगों की त्वचा और उनके बालों पर पड़ने लगा है। ऐसे में बालों का झड़ना तो बेहद ही आम समस्या है। यदि आप भी इस बदलते मौसम में हेयर फॉल से परेशान हैं तो इसके लिए यहां हम आपको कुछ नुस्खे देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं।

### मेथी और नारियल तेल आएगा काम

यदि आपके बाल लगातार झड़ रहे हैं तो इस मिश्रण का इस्तेमाल करें। दरअसल, नारियल तेल बालों के लिए प्राकृतिक कंडीशनर का काम करता है, जबकि मेथी में मौजूद तत्व बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं। इस पैक के इस्तेमाल के लिए एक बड़ा चम्मच मेथी दानों को रातभर भिगोकर पीस लें। इसे गुनगुने नारियल के तेल में



मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं। हल्के हाथों से सिर की मसाज करें और 30 मिनट बाद हल्के शैंपू से धो लें।

### आंवला और दही का मास्क

बालों के लिए आंवला काफी फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में 2 चम्मच आंवला पाउडर में 2 चम्मच दही मिलाएं।

कार्नर न्यूज

### कपड़े से लेकर जूते और हेयर स्टाइल के अलावा और भी बहुत कुछ है ध्यान

## पार्टी में छा जाने की हसरत है तो पहले याद रखिए जरूरी ग्रूमिंग टिप्स, सबकी नजरें आप पर ही होंगी

*पार्टी में जाने की तैयारी पूरी है, कपड़े से लेकर जूते और फिर हेयर स्टाइल भी परफेक्ट लग रहा है। लेकिन यकीन मानिए कि आप अभी भी तैयार नहीं हैं। ऐसा कैसे, आप यही सोच रहे हैं न। लेकिन ये सही है कि आप तैयार नहीं हैं। पार्टी में जाने के लिए आपको प्री पार्टी ग्रूमिंग करनी होगी। ताकि पार्टी में सबकी नजरें बस आप पर ही हों। इसके लिए आपको कुछ खास ग्रूमिंग टिप्स आजमाने होंगे। ये टिप्स आजमाकर आप सबका दिल जरूर जीत लेंगे।*



### पार्टी से पहले करें ग्रूमिंग

ग्रूमिंग पर बहुत ध्यान देते हैं तो पार्टी से पहले खासतौर पर इस पर ध्यान दीजिए। आपको क्या-क्या करना होगा, जान लीजिए-एक दिन पहले एक्सफोलिएट कम से कम कोशिश में ज्यादा से ज्यादा फायदा देने के लिए एक्सफोलिएट किया जाना चाहिए। एक्सफोलिएशन के बाद स्किन सच में फ्रेश सी हो जाती है।

इससे डेड स्किन हटती है तो स्किन में बसी गंदगी भी बहर हो जाती है। टॉक्सिन निकलते ही स्किन फ्रेश-फ्रेश हो जाती है। इसके लिए बिलकुल थोडा सा स्क्रब लें। अब इससे फोरहेड, गाल, चिन और नाक पर उंगली की टिप से मसाज करें। हालांकि इस दौरान आंखों के नीचे के एरिया पर ये मसाज न करें।

### नया हेयर कट करवा लीजिए

पार्टी में जाने से पहले हेयर कट ज़रूरी होता है। ये जरूरी इसलिए होता है क्योंकि आपका लुक अचानक से अच्छा लगने लगता है। इसके लिए बस कीजिए इतना कि बालों के साथ कोई अनोखा प्रयोग मत कीजिए। सेफसाइड हेयरस्टाइल ही अपनाइए। इससे लोगों को आपका लुक अचानक से बदला हुआ लगेगा। आपका लुक उन्हें बिलकुल फ्रेश लगने लगेगा। बस यहीं पर सबकी नजरें आप पर ठहर जाएंगी।

### छोटी बातें, पते की बातें

अक्सर पुरुष बाल, कपड़े और हेयर स्टाइल के साथ स्किन पर भी ध्यान देते हैं लेकिन बहुत छोटी बातों को ऐसे ही छोड़ देते हैं।

